जबलपुर रविवार 8 नवम्बर 2026 > कार्तिक कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी

वर्ष 32 अंक 131 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

स्वतंत्र मत

शुभम् करोति कल्याणम

दीपावली का यह पावन पर्व केवल दीपों की झिलमिलाहट, मिठाइयों की मिठास और पटाखों की गूँज तक सीमित नहीं है। यह पर्व है तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर प्रस्थान करने का सनातन संकल्प। जब पूरा देश दीयों की रोशनी से जगमगा रहा होता है, तब यह समय केवल बाहरी उत्सव का नहीं, बल्कि आत्म-मंथन और स्वतंत्र चिंतन का भी होना चाहिए। पारंपरिक रूप से दीपावली असत्य पर सत्य की और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। परंतु आज के आधुनिक युग में ज्ञान और अप्रकाश के मायने बदल चुके हैं। आज का सबसे बड़ा अंधकार है- सत्य की अनदेखी, वैचारिक ध्रूवीकरण और भीड़ का हिस्सा बन जाना। जब समाज में हर व्यक्ति पूर्वग्रहों से मुक्त होकर स्वतंत्र रूप से सोचना छोड़ देता है, तब उत्सव केवल कर्मकांड बनकर रह जाते हैं, उनकी आत्मा लुप्त हो जाती है। आज दीपावली का स्वरूप तेजी से बदला है। यह पर्व अब आत्मिक उल्लास से अधिक बाज़ार की चकाचौंध और उपभोक्तावाद का पर्याय बनता जा रहा है। दीयों की लौ जहाँ सकारात्मकता लाती है, वहीं अत्यधिक आतिशबाजी से उत्पन्न प्रदूषण हमारी आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर प्रश्नचिह्न लगाता है। हमें यह सोचना होगा कि क्या दीपावली का वास्तविक अर्थ सिर्फ बाज़ार को समृद्ध करना है, या फिर अपने भीतर की करुणा, संयम और भाईचारे के दीप को प्रज्वलित करना है? जब तक समाज का एक भी वर्ग उपेक्षित और भूखा है, तब तक कोई भी उत्सव पूर्ण नहीं हो सकता। दीपावली का सच्चा प्रकाश तभी चरितार्थ होगा जब हम अपनी सुख-सुविधाओं से थोड़ा आगे निकलकर समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाने का संकल्प लें। इस दीपावली, आइए हम सब मिलकर केवल मिट्टी के दीये ही न जलाएं, बल्कि अपने भीतर स्वतंत्र चिंतन, निष्पक्षता और मानवीय संवेदना का एक ऐसा दीया जलाएं जो पूर्वाग्रहों के अंधकार को चीर सके। आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ। यह पर्व आपके जीवन में ज्ञान, स्वास्थ्य और स्वतंत्र विवेक का प्रकाश लेकर आए।

राजेन्द्र मिश्रा
संपादक



अयोध्या में 56 घाटों पर जलाए गए 30 लाख दीये

लेजर शो से रामायण दिखाई गई, दीपों से जगमग हुए राम की पैड़ी समेत सरयू के घाट

अयोध्या

अयोध्या में आज 10वां दीपोत्सव मनाया जा रहा है। यहां सरयू नदी के किनारे 56 घाटों पर 30 लाख दीये जलाए गए। राम की पैड़ी और सरयू घाट पर लेजर शो से रामायण दिखाई गई। इसके पहले अयोध्या में करीब 3 घंटे तक शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें 21 झांकियां शामिल थीं। इनमें रामायण के सात कांडों को दर्शाया गया था। दीपोत्सव देखने के लिए मुंबई, गुजरात और बिहार सहित देशभर से लोग पहुंचे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अब अयोध्या में जय श्रीराम बोलने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा सकता। प्रदेश में किसी को पूजा करने से नहीं रोका जा सकता और न ही कोई दंगा करने की हिम्मत कर सकता है। अब किसी बेटी और बहन को सुरक्षा के लिए गुहार नहीं लगानी पड़ेगी। बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को रावण जैसी दुर्गति भुगतनी होगी। योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर देश विरासत, विकास और लोककल्याण के जरिए आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर कुछ ताकतें नक्सलवाद, आतंकवाद और अराजकता को बढ़ावा देकर देश की व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश कर रही हैं।

मोदी का देशवासियों से विकसित भारत के निर्माण का नया संकल्प लेने का आह्वान



नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की शाश्वत विजय का प्रतीक बताया तथा देश के सभी नागरिकों से नयी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ एक समृद्ध एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। श्री मोदी ने अपने दीपावली संदेश में शनिवार को कहा कि यह पर्व भारतीय सभ्यता के शाश्वत मूल्यों को दर्शाता है और देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ आपसी एकता एवं भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा, दीपावली के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं! और आशा व्यक्त की कि यह त्योहार हर घर को सुख, सद्भाव और समृद्धि से रोशन करेगा।

रिश्वतखोरी के मामले में सहायक निदेशक समेत दो गिरफ्तार : सीबीआई

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विशाखापत्तनम स्थित विदेश से आने-जाने वाले पौधों की जांच करने वाले प्लांट संगरोध स्टेशन (पीक्यूएस) के सहायक निदेशक और एक निजी व्यक्ति को एक लाख रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने स्टेशन के सहायक निदेशक समेत दो अधिकारियों, तीन निजी व्यक्तियों तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ घूस मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि सहायक निदेशक ने एक निजी फर्म के कंटेनरों की क्लीयरेंस के एवज में रिश्वत मांगी।

अवकाश सूचना

स्वतंत्र मत के समस्त पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभि पाठकों को सूचित किया जाता है कि 08 और 09 नवम्बर को दीपावली पर्व के अवसर पर दैनिक स्वतंत्र मत कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 11 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

ई-20 बना 420 : राहुल गांधी

जनता की गाड़ी से पेट्रोल चोरी कर रही सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि जनता महंगे पेट्रोल के लिए पैसा दे रही है और उनकी कार की टंकी में तय सीमा से अधिक एथेनॉल डाला जा रहा है। श्री गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण की बात करती है लेकिन कर्नाटक सरकार ने सात जिलों से पेट्रोल के नमूने लेकर मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच करायी तो 14 में से 11 नमूनों में एथनॉल की मात्रा 20 प्रतिशत से अधिक पायी गयी। उन्होंने कहा कि जांच में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसीएल) के नमूने में एथनॉल की मात्रा 31.2 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के नमूने में 30.5 प्रतिशत पायी गयी। उन्होंने दावा किया कि आईओसीएल, एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), नायरा और शेल सहित सरकारी तथा निजी कंपनियों के नमूने एथनॉल मिश्रण की तय सीमा से अधिक पाये गये। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि कंपनियों की अपनी प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट में एथनॉल की मात्रा का उल्लेख तक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इससे वाहन चालकों को महंगे पेट्रोल का भुगतान करने के बावजूद उनकी टंकी में अधिक एथनॉल जा रहा है, जिससे वाहनों का माइलेज प्रभावित हो सकता है और उन्हें बार-बार मरम्मत की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल पंपों पर यह तक स्पष्ट नहीं किया जाता कि टंकी में क्या डाला जा रहा है और उपभोक्ताओं के पास कोई विकल्प नहीं है।



पेट्रोल में असल में कितना एथनॉल

श्री गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि देश की टंकी में वास्तव में क्या भरा जा रहा है और पेट्रोल में असल में कितना एथनॉल है। उन्होंने 20 प्रतिशत से अधिक एथेनॉल मिलाने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को दी गयी उनकी खुली बहस की चुनौती अब भी कायम है और इस मुद्दे को भी बहस में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार की नीतियों से वास्तव में फायदा किसे हो रहा है।

कस्टमर के पास कोई विकल्प नहीं

ज्यादा एथेनॉल वाला पेट्रोल इस्तेमाल करने से गाड़ियों का माइलेज घट सकता है और मरम्मत का खर्च बढ़ सकता है। आम लोग महंगे पेट्रोल के पैसे दे रहे हैं, लेकिन उनकी गाड़ियां इतनी ज्यादा एथेनॉल वाले पेट्रोल के लिए नहीं बनी हैं। इससे गाड़ियों को नुकसान हो सकता है और बार-बार मैकेनिक के पास जाना पड़ सकता है।ग्राहकों को यह नहीं बताया जा रहा कि उनकी गाड़ी में कितना एथेनॉल मिला पेट्रोल डाला जा रहा है।



चीन सीमा के पास 13 हज़ार फुट की ऊंचाई पर वायु सेना के गजराज ने रचा इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय वायु सेना के भारी भरकम परिवहन विमान आई एल 76 एम डी, गजराज ने चीन सीमा के निकट सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण और 13,629 फुट की ऊंचाई पर स्थित न्योमा बेस पर सफलतापूर्वक उतरकर इतिहास रचा है। वायु सेना ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में गजराज की इस बड़ी उपलब्धि का उल्लेख किया। वायु सेना ने कहा, 13,629 फुट की ऊंचाई । विमानन इतिहास में एक नयी ऊंचाई। भारतीय वायु सेना के आईएल-76 एम डी विमान ने न्योमा में सफलतापूर्वक उतरकर इतिहास रच दिया है। यह दुनिया में इस विमान द्वारा अब तक की गई सबसे अधिक ऊंचाई पर लैंडिंग है। यह विमान की दीर्घकालिक क्षमता का एक असाधारण प्रदर्शन है। यह चालक दल के उत्कृष्ट कौशल, सटीकता और व्यावसायिक दक्षता का प्रतीक है। वायु सेना ने कहा है कि यह एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो भारत की सामरिक हवाई परिवहन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करती है। वायु सेना ने पोस्ट के अंत में कहा,सीमाओं को लांघते हुए। सीमाओं की नयी परिभाषा गढ़ते हुए। इतिहास रचते हुए। उल्लेखनीय है कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण न्योमा वास्तविक नियंत्रण रेखा से करीब 25 किलोमीटर दूर है। इस बेस के पूरी तरह से चालू होने और भारी विमानों के उतरने से पूर्वी लद्दाख के कठिन पहाड़ी इलाकों में सैनिकों, भारी सैन्य साजो-सामान, तोपों और टैंकों की आवाजाही तथा तैनाती बेहद आसान हो जायेगी। इस बेस पर लगभग 2.7 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनायी गयी है।

रेलवे के फर्जी और पुराने वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ एफआईआर होगी : वैष्णव

नई दिल्ली (वार्ता)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे पर पुराने और फर्जी वीडियो वायरल किये जाने के मामलों पर शनिवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे बहुत से वीडियो की पहचान की गयी है और ऐसे लोगों को खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी जाएगी। श्री वैष्णव के पास सूचना प्रसारण , इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) की भी जिम्मेदारी है। श्री वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से अलग से बातचीत में कहा,आप जानते हैं कि सोशल मीडिया मंचों पर फर्जी वीडियो जारी करना कितना घातक है, इसके क्या-क्या परिणाम हो सकते हैं। मामलों में एफआईआर (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज करायी जा रही हैं।ज रेलवे के अनुसार पिछले कुछ समय में ऐसे 70 से अधिक वीडियो की पहचान की गयी है जो या तो पुराने हैं या फर्जी हैं। ऐसे मामलों में रेलवे ने कार्रवाई शुरू की है। रेल मंत्री ने कहा कि एक दशक में रेलवे के काम काज में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस दौरान यात्री सेवाओं में बड़ा फर्क आया है और बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास हुआ है ।



मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हैरी बॉक्सर अमेरिका में हिरासत में

नई दिल्ली

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य हैरी बॉक्सर (असली नाम हरिचंद जाट) को अमेरिका के कैलिफोर्निया में वहां के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है। शनिवार को सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स से मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

सरकारी स्कूलों को बंद कर गरीबों को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता) कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार साजिशन गरीबों को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर रही है और सरकारी स्कूलों को बंद करके देश की बड़ी आबादी को शिक्षा से दूर किया जा रहा है। पार्टी ने कहा है कि शिक्षा सबका अधिकार है, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण गरीब बच्चों के लिए शिक्षा के अवसर लगातार सीमित किये जा रहे हैं। कांग्रेस ने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 10 साल में देश में करीब 94 हजार सरकारी स्कूल बंद किये गये हैं। कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार 2017-18 के बाद सरकारी स्कूलों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गयी है। पार्टी ने कहा है कि 2019-20 में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सर्वाधिक करीब 47 हजार विद्यालय बंद हुए। पार्टी ने इन राज्यों से स्कूलों की स्थिति पर एक मीडिया घराने की रिपोर्ट भी पोस्ट की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी को डर है कि लोग पढ़-लिखकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठायेंगे और उसकी नफरत की राजनीति को नकार देंगे। इसलिए गरीबों और देश की बड़ी आबादी को व्यवस्थित तरीके से शिक्षा से दूर किया जा रहा है।

भारतीय संस्कृति में सिर्फ पर्यटन नहीं, तीर्थाटन की भावना महत्वपूर्ण : डॉ. यादव

महाकाल लोक की तरह ओरछा में रामराजा लोक और चित्रकूट का वनवासी राम लोक होगा निर्माण

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जहां अन्य देशों में पर्यटन की दृष्टि से ही विभिन्न स्थानों का विकास होता है, वहीं हमारे देश में नागरिकों के लिए तीर्थाटन की दृष्टि से धार्मिक महत्व के स्थानों के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाता है। भारतीय संस्कृति की यही विशेषता है कि ऐसे स्थानों पर आने से सभी के मनोभाव पावन हो जाते हैं। चित्रकूट क्षेत्र का विकास भी इसी अवधारणा पर केंद्रित है। उज्जैन के महाकाल लोक की तरह ओरछा में राम राजा लोक और चित्रकूट में भव्य वनवासी राम लोक का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीपावली पर्व के अवसर पर भगवान श्री राम की तपोभूमि सतना जिले के चित्रकूट पहुंचकर पवित्र मंदाकिनी नदी में दीपदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश और देश के नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां मंदाकिनी की पूजा अर्चना की और चित्रकूट धाम के संतों का शाल, श्रीफल और अंगवस्त्र देकर सम्मान किया।



फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक 81.17 करोड़ से निर्मित होने वाली फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क श्रद्धालुओं और पर्यटकों की यात्रा को सुगम बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के उपहार प्रदान किए। समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए पीपा पुल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज रूप चौदस का पावन दिन है। हम सब दीपावली का पर्व हर्ष और उल्लास से मना रहे हैं। हमारे पर्व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहचान हैं। मध्यप्रदेश सरकार चित्रकूट सहित प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों का सर्वांगीण विकास कर रही है । उज्जैन के महाकाल लोक की तरह ओरछा में राम राजा लोक और चित्रकूट में भव्य वनवासी राम लोक का निर्माण किया जाएगा। चित्रकूट में भगवान राम ने अपने वनवास काल के 11 वर्ष से अधिक का समय बिताया। यह भगवान राम की तपोभूमि है। भगवान श्री कृष्ण ने मध्यप्रदेश के ही उज्जैन में गुरु ज्ञान प्राप्त किया। ओंकारेश्वर में जगतगुरु शंकराचार्य जी को उनके गुरु मिले और उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ।

19 आंगनवाड़ी केंद्रों के 410 बच्चों को वितरित किया यूनीफॉर्म

रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. की रही सार्थक पहल

बुढार (स्वतंत्रमत)।



रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. परियोजना द्वारा ग्रामीण अंचलों के आंगनवाड़ी केंद्रों के 410 बच्चों को कार्यक्रम में यूनीफॉर्म प्रदत्त किया गया और बच्चों को यूनिफॉर्म मिलते ही उनमें खुशी की लहर व्याप्त हो गई। सामुदायिक विकास एवं बाल कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए रिलायंस सी.बी.एम. परियोजना क्षेत्र के 19 आंगनवाड़ी केंद्रों के लगभग 410 बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए, और धनगवां आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आई.सी.डी.एस. विभाग के सहयोग से आंगनवाड़ी विकास, बेहतर पोषण एवं बाल कल्याण की दिशा में रिलायंस परियोजना द्वारा इस दिशा में निरंतर सार्थक प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग शहडोल संभाग के संयुक्त संचालक डी.के. सिद्धार्थ, जिला कार्यक्रम अधिकारी (डी.पी.ओ.) राकेश खरे, सी.डी.पी.ओ. जसवंत हूरा, रिलायंस के सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव तथा पंचायत प्रतिनिधियों व पंचायत वासियों की विशिष्ट उपस्थिति रही। आई.सी.डी.एस. विभाग एवं रिलायंस टीम के सदस्यों ने बच्चों को यूनिफार्म प्रदत्त अवसर पर अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के विकास एवं बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी विस्तृत चर्चाएं की गई। आंगनवाड़ी विकास एवं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए रिलायंस की रही सार्थक पहल'रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. परियोजना द्वारा आई.सी.डी.एस. विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर परियोजना क्षेत्र में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण एवं बच्चों के समग्र विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं, और इन प्रयासों का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तथा बच्चों के अनुकूल संसाधनों से सुसज्जित करना है। इसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण, आधारभूत संरचना एवं उपलब्ध सुविधाओं का उन्नयन तथा बच्चों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही कुपोषण नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण स्तर की निगरानी एवं आवश्यकतानुसार पोषण सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप अब तक 16 आंगनवाड़ी के लगभग 210 बच्चे कुपोषण की स्थिति से बाहर आकर सामान्य पोषण श्रेणी में आ चुके हैं। आंगनवाड़ी विकास के इन प्रयासों में रिलायंस लेडीज क्लब की सदस्याओं का भी पिछले कई वर्षों से महत्वपूर्ण योगदान बना हुआ है। लेडीज क्लब की अध्यक्ष दीपाली वर्मा के मार्गदर्शन में क्लब की सदस्याएं नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण करती हैं तथा बच्चों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करती हैं। आई.सी.डी.एस. के साथ समन्वय से आदर्श आंगनवाड़ी विकसित करने का लक्ष्य रिलायंस सी.बी.एम. सी.एस.आर. का मुख्य उद्देश्य आई.सी.डी.एस. विभाग के सहयोग से परियोजना क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण आधारभूत संरचना से विकसित कर आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र (मॉडल आंगनवाड़ी) के रूप में स्थापित करना है। इन प्रयासों के माध्यम से बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रिलायंस की ये पहले महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ प्रभावी साझेदारी और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं प्रारंभिक विकास को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर योगदान दे रही हैं।



दीपावली का पर्व आज, घरों में होगी गणेश-लक्ष्मी जी की पूजा-अर्चना

पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल, रंगोली और आतिशबाजी की दुकानों पर उमड़ रहे ग्राहक

उमरिया (स्वतंत्रमत)। दीपावली का पावन पर्व आज हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर घरों और प्रतिष्ठानों में विशेष तैयारियां की गई हैं। शाम को शुभ मुहूर्त में श्रद्धालु भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। दीपावली के अवसर पर घरों को आकर्षक रोशनी, दीपों और सजावटी झालरों से सजाया गया है। पर्व को देखते हुए शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। मिठाई, पूजन सामग्री, फूल-माला, दीपक और सजावटी सामान की दुकानों पर ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है। वहीं रंगोली बनाने के रंग, आकर्षक सजावटी सामग्री और आतिशबाजी की दुकानें भी सज गई हैं। लोग परिवार के साथ खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। बच्चों में आतिशबाजी को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। दीपावली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और खुशियां बांटने का संदेश देता है। बाजारों में बढ़ी रौनक से व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दे रही है।

9 नवंबर को मनाया जाएगा गोवर्धन पर्व-जिले में गोवर्धन पर्व 9 नवंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की जाएगी। गौ माता का विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाएगी।

भाई दूज पर 11 नवंबर को रहेगा स्थानीय अवकाश - कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने भाई दूज के अवसर पर 11 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओ पर लागू होगा। स्थानीय अवकाश कोषालय एवं उप कोषालय तथा बैंकों पर प्रभावशील नही होगा।

दीपावली पर आंखों की सुरक्षा का रखें विशेष ध्यान

सावधानी से जलाएं पटाखे : सीएमएचओ डॉ. राजेश मिश्रा

पटाखे जलाते समय हाथ और चेहरे को सुरक्षित दूरी पर रखने की अपील, बच्चों को अकेले आतिशबाजी न करने दें



शहडोल (स्वतंत्रमत)। दीपावली के पावन पर्व पर जिले के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और रोशनी का त्योहार है, इसलिए उत्सव के दौरान अपनी आंखों और स्वास्थ्य की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पटाखे जलाते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें, ताकि आंखों में चिंगारी और धुआं जाने से बचाव हो सके। आंखों में जलन होने पर तत्काल साफ पानी से धोएं और आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने नागरिकों को सलाह दी कि पटाखे हमेशा खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर ही जलाएं। इस दौरान सूती कपड़े पहनें और बंद जूतों का उपयोग करें। बच्चों को वयस्कों की निगरानी में ही पटाखे जलाने दें। पटाखे जलाते समय पास में पानी या रेत से भरी बाल्टी रखें तथा अनार, चकरी और बम को हाथ में रखकर जलाने के बजाय समतल जमीन पर रखें। सीएमएचओ ने कहा कि यदि कोई पटाखा जलने के बाद नहीं फूटता है तो उसके पास तुरंत न जाएं। कम से कम 20 मिनट प्रतीक्षा करने के बाद उस पर पानी डालकर निष्क्रिय करें। पटाखों को किसी व्यक्ति या पशु की ओर न फेंकें और अतिरिक्त आवाज के लिए उन्हें डिब्बे या बोतल से ढककर न जलाएं। उन्होंने बताया कि पटाखों से निकलने वाला धुआं और हानिकारक रासायनिक तत्व श्वसन एवं हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकते हैं। विशेष रूप से अस्थमा और ब्रोंकाइटिस के मरीजों को इससे परेशानी हो सकती है। ऐसे मरीज आतिशबाजी के दौरान घर के भीतर रहें तथा तेज आवाज वाले पटाखों से बचें। डॉ. मिश्रा ने नागरिकों से अपील की कि आतिशबाजी के बाद जले एवं बिना फटे पटाखों का सुरक्षित निपटान करें और साबुन-पानी से हाथ अच्छी तरह धोएं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर दीपावली को सुरक्षित, स्वस्थ और खुशहाल बनाया जा सकता है।



विधायक मीना सिंह और शिवनारायण सिंह ने दी दीपावली की शुभकामनाएं

उमरिया (स्वतंत्रमत)। दीपावली के पावन पर्व पर मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह एवं बांधवगढ़ विधायक श्री शिवनारायण सिंह ने जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। दोनों विधायकों ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक एकता के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण आयोजित

शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण की दी गई जानकारी



शहडोल (स्वतंत्रमत)। कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देशानुसार लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा ई-दक्ष केंद्र, शहडोल में विभिन्न विभागों के एल 1 एवं एल 2 अधिकारियों का जिला स्तरीय सेवोत्तम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में स्थापित सेवोत्तम सेल के अंतर्गत यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सेवोत्तम की अवधारणा, सुशासन के सिद्धांत, मध्यप्रदेश लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम 2010, अधिसूचित सेवाएं, लोक सेवा केंद्र, एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट, समाधान एक दिवस, सीएम हेल्पलाइन-181, सीपीग्राम्स, ग्रेडिंग प्रक्रिया, समाधान ऑनलाइन तथा आईटी आधारित शिकायत निवारण प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण, निराकरण में उपयोग किए जाने वाले शब्दों, निम्न गुणवत्ता वाले निराकरण की पहचान तथा शिकायतों की ग्रेडिंग प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। यह प्रशिक्षण लोक सेवा प्रबंधन विभाग के जिला प्रबंधक पंकज शिवहरे एवं ई-दक्ष केंद्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक हरिकृष्ण सोनी द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सीएम हेल्पलाइन पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की गुणवत्ता में सुधार करना तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से अधिकारियों को बेहतर सेवा प्रदायगी एवं प्रभावी शिकायत निवारण के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऊर्जा, आयुष, कौशल विकास, पिछड़ा वर्ग, सामाजिक न्याय , सहकारिता, विपणन, शिक्षा, बैंक, खाद्य, नगरीय निकाय, जनजातीय कार्य, पशुपालन , परिवहन सहित विभिन्न विभागों के कुल 27 अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

धूमधाम से मनाया गया विधायक मीना सिंह का जन्मदिन

सुबह से देर रात तक लगा बधाई देने वालों का तांता



उमरिया (स्वतंत्रमत)। मानपुर विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मीना सिंह का जन्मदिन गुरुवार 6 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित उनके आवास पर बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और मानपुर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अपनी चहेती जनप्रतिनिधि को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर खुशियां मनाईं और उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

विधायक आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विधायक मीना सिंह का आत्मीय अभिनंदन किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी मानपुर क्षेत्र की जनता ने अपने जनप्रतिनिधि का जन्मदिन उत्सव के रूप में मनाकर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान प्रकट किया।जन्मदिन समारोह में आदिवासी लोकनृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पारंपरिक आदिवासी नृत्य की धुन पर कार्यकर्ता और समर्थक जमकर थिरकते नजर आए। पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। विधायक मीना सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

इस दौरान आवास पर पहुंचे कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पहुंचकर विधायक मीना सिंह को गुलदस्ता भेंट किया और जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर स्वतंत्रमत के ब्यूरो चीफ केके शुक्ला ने भी विधायक मीना सिंह को बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय जीवन और दीर्घायु की कामना की। कुल मिलाकर विधायक मीना सिंह का जन्मदिन समारोह आपसी आत्मीयता, उत्साह और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से देर रात तक उमड़ी शुभचिंतकों की भीड़ ने उनके प्रति क्षेत्रवासियों के स्नेह और जुड़ाव को प्रदर्शित किया।

शहडोल में नकली नोटों का बड़ा कारोबार बेनकाब, 5 आरोपी गिरफ्तार



8.71 लाख रुपये की नकली करेंसी बरामद, प्रिंटर और बाइक सहित 9.21 लाख का मशरूका जब्त

डिण्डौरी और अनूपपुर सहित शहडोल के आरोपी शामिल

शहडोल (स्वतंत्रमत)। जिले में नकली भारतीय करेंसी के कारोबार के खिलाफ खैरहा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 लाख 71 हजार 700 रुपये की नकली करेंसी बरामद की है। इसके साथ ही नकली नोट तैयार करने में इस्तेमाल किया जाने वाला प्रिंटर और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जब्त मशरूका की कुल कीमत 9 लाख 21 हजार 700 रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 6 नवंबर को खैरहा पुलिस को नकली नोटों के लेनदेन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम छिरहटी के पास घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास रखे बैग से 500 और 200 रुपये के नकली नोट बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, बरामद नकली करेंसी में 500 रुपये के 1,702 नोट (8 लाख 51 हजार रुपये) और 200 रुपये के 101 नोट (20 हजार 200 रुपये) शामिल हैं। इस तरह कुल 1,803 नकली नोटों की कीमत 8 लाख 71 हजार 700 रुपये है। मौके से एक प्रिंटर और होंडा एसपी साइन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 एनएक्स 9675 भी जब्त की गई।

आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 886 ग्राम गांजा जप्त



उमरिया (स्वतंत्रमत) - पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले आरोपी आरोपी शशि प्रसाद निवासी नीमा टोला निगहरी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आरोपी के कब्जे से 886 ग्राम गांजा जप्त किया गया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि उसने अपने खेत में चोरी-छिपे गांजा का पौधा लगाया था, जिसे लगभग दो-तीन माह पूर्व तोड़ लिया था। आरोपी स्वयं भी गांजे का सेवन करता था तथा गांजे की पुड़िया बनाकर विक्रय भी करता था। दिनांक 04 नवम्बर दिन बुधवार को थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि निम्हा टोला निगहरी को पास एक व्यक्ति थैला लेकर खड़ा है जिसमें वह अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु रखा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुये घटनास्थल कर पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया आरोपी के पास से मिले थेले की तलाशी ली गई जिसमें 886 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया आरोपी के कब्जे से उक्त गांजा को जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी से उक्त गांजे के संबंध में पूछताछ के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी द्वारा अपने खेत में चोरी छिपे गांजे के पौधे लगाये गये जिसे लगभग दो-तीन माह पूर्व तोड़ लिया आरोपी द्वारा उक्त गांजे का उपयोग स्वंय के सेवन एवं पुड़िया बनाकर बेचने में करता था।

दीपावली पर्व के दृष्टिगत आतिशबाजी दुकानों एवं भंडारण स्थलों का किया गया संयुक्त निरीक्षण

उमरिया (स्वतंत्रमत)। दीवाली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आमजन की सुरक्षा एवं लोकशांति बनाए रखने तथा आतिशबाजी सामग्री के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती राखी सहाय के निर्देशानुसार तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बांधवगढ़ दिलीप कुमार सोनी के नेतृत्व में संयुक्त जांच दल द्वारा आतिशबाजी अनुज्ञप्तिधारी दुकानों एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया गया।

पुलिस द्वारा जुआ फड़ों पर लगातार कार्यवाही

उमरिया (स्वतंत्रमत) - पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 04.11.2026 को लगातार दूसरे दिन थाना नौरोजाबाद पुलिस द्वारा ग्राम देवगवां में दबिश देकर ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 08 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। नौरोजाबाद पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देवगवां में हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

अवैध रूप से गैस सिलिंडर सप्लाई करने पर कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)। पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और गैस सिलिंडरों के अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम लगातार जांच और कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को टीम ने बरगवां क्षेत्र में संचालित यादव गैस एजेंसी के दो ठिकानों पर दबिश देकर जांच की। कार्रवाई के दौरान वाहन सहित 100 खाली और भरे गैस सिलिंडर जब्त किए गए, वहीं एक अवैध गोदाम को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, टीम को बरगवां क्षेत्र में संदीप यादव की यादव गैस एजेंसी द्वारा काफी हाउस के पीछे खदान के पास अवैध रूप से गैस सिलिंडर डंप कर सप्लाई किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि आवश्यक स्वीकृति नहीं होने के बावजूद उक्त स्थान से गैस सिलिंडरों की सप्लाई की जा रही थी। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से वाहन सहित 100 खाली एवं भरे सिलिंडर जब्त किए। इसके बाद संयुक्त टीम बारडोली कॉलेज के पीछे दानव बाबा के पास स्थित गोदाम की जांच करने पहुंची। यहां भी वाहन और गैस सिलिंडर रखे हुए पाए गए। इसके बाद अधिकारियों ने गोदाम को अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार आकाश नीरज, खाद्य निरीक्षक सुनील किरार, यज्ञदत्त त्रिपाठी, नागेश्वर श्रीवास सहित रंगनाथ नगर थाना पुलिस का बल मौजूद रहा।



































जमीन और मकान केवल संपत्ति नहीं,भविष्य की सुरक्षा का आधार : विधायक पटेल

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

नरसिंहपुर।

विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत बिलगुवां में आयोजित कार्यक्रम में स्वामित्व योजनांतर्गत हितग्राहियों को रजिस्ट्रियां वितरित की। इस दौरान 191 हितग्राहियों को रजिस्ट्री वितरित की गई। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पटवारियों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

विधायक श्री पटेल ने कहा कि जमीन और मकान केवल संपत्ति नहीं होते, बल्कि किसी भी परिवार



की वर्षों की मेहनत, उसका सम्मान और उसके भविष्य की सुरक्षा का आधार होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे परिवार हैं, जो वर्षों से अपने मकानों में निवास कर रहे हैं, लेकिन किसी कारणवश उनके पास अपने मकान के वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे परिवारों को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें कानूनी रूप से संपत्ति का मालिकाना हक प्रदान करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क रजिस्ट्री जैसी महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। उन्हें अपने मकान का कानूनी अधिकार प्राप्त होगा तथा भविष्य में बैंक से ऋण लेने, संपत्ति से जुड़े विवादों और अन्य शासकीय कार्यों में भी सुविधा मिलेगी। यह पहल ग्रामीण परिवारों के सम्मान, आर्थिक सुरक्षा और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री भैयाराम पटेल, तेंदूखेड़ा नगर परिषद के अध्यक्ष श्री विष्णु शर्मा व उपाध्यक्ष श्री डालचंद पटेल, श्री शिवदयाल खेरोनिया, श्री राजीव अग्रवाल, श्री संतोष पटेल, जनपद सदस्य श्री देवराज कश्यप, श्री सोनू महाराज, श्री संतोष पटेल, श्री मनोज पाठक, श्री कृष्णकुमार पाठक, श्री राव नीरज सिंह, श्री कमलेश घोसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम सुश्री शानू चौधरी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद ने बच्चों के बीच मनाई धनतेरस

नरसिंहपुर।

दीपावली का पर्व केवल अपने घरों को रोशन करने का नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियों के दीप जलाने का भी संदेश देता है। इसी भावना को साकार करते हुए सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की पदाधिकारियों विवेक पांडे, सरला पांडे, अरुणा दुबे, पूर्णिमा शुक्ला, प्रवीण गोस्वामी, नंदिता चौबे, नीता भारद्वाज, संगीता बेदी एवं रेनू नौरिया ने भटिया टोला पहुंचकर वहां के बच्चों के साथ धनतेरस का पर्व मनाया। विशेष सहयोग प्रीति रैकवार एवं नीलम रैकवार का रहा।

इस अवसर पर बच्चों बताशे, मिठाइयां, पटाखे, पेन एवं बिस्किट वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान और उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ



खेलकूद किया, उनसे बातचीत की और उनके बीच अपना समय बिताया। यह आयोजन केवल उपहार वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों के साथ अपनत्व, स्नेह और खुशियां बांटने का एक सुंदर प्रयास रहा। संस्था की पदाधिकारियों ने संदेश दिया कि त्योहारों की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब हमारी खुशियों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी हो।



सांगई मे सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों का सम्मान

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे कक्षा 1 से 8 वीं के सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को स्टार लगाकर शिक्षकों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियो ने दीपक बनाओ और सजाओ एवं रांगोली प्रतियोगिता मे उत्साहपूर्वक सहभागिता करते घर से मिट्टी के दीपक बनाये और सजाकर उनका प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव सहित स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

शिवकुमार नीखरा बने कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवास की स्वीकृति, राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा तथा प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति से मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल की नवीन प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला मुख्य संगठकों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में संगठन के प्रति सतत निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए जिला नरसिंहपुर, गाडरवारा नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार नीखरा को मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल का पुन: प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी। नई जवाबदारी मिलने पर कांग्रेसजनों , शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

मातृ मृत्यु, प्रसव में लापरवाही एवं गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रेफर करने के मामलों में कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं की हुई विस्तृत समीक्षा



नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के. चौधरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रसव के लिए पैसे मांगने एवं लापरवाही से मातृ मृत्यु के मामलों में कार्रवाई के निर्देश-बैठक में डॉ. सुरेन्द्र पटेल जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर की अधिक शिकायतें हितग्राही से प्रसव के लिए पैसा मांगने एवं कार्य में लापरवाही पर मातृ मृत्यु तथा अनावश्यक गर्भवती महिलाओं को रिफर करने के मामलों को गंभीरता से लिया गया। इनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर को भेजने और ग्राम बैंड़िया की गर्भवती महिला की रेफर उपरांत मृत्यु होने पर लापरवाही के मामले में कार्यवाही के निर्देश दिये गये। समस्त मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी जिला नरसिंहपुर को जिन गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी लंबित है, उनकी जानकारी बनाकर जिला कार्यालय में भेजने के निर्देश दिये गये।

गर्भवती महिलाओं के पंजीयन एवं स्वास्थ्य जांच की समीक्षा-चार पंजीयन गर्भवती जांच में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरसिंहपुर, विकासखंड साईंखेड़ा, विकासखंड गोटेगांव एवं विकासखंड बाबई चीचली की सबसे कम उपलब्धि पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पंजीयन शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त विकासखंड अनमोल पोर्टल के आधार पर गर्भवती महिला हितग्राहियों से सीधे प्रतिदिन उनकी जांच के संबंध में बात करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने 34 माह से अधिक की गर्भवती महिलाओं से संबंधित क्षेत्र की ए.एन.एम. को प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी चर्चा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में समग्र आईडी नहीं बनी है, वहां पर विकासखंड स्तर पर जी.आर.एस., सी.ई.ओ. जनपद, बी.एम.ओ. स्तर से मीटिंग की जाये। प्रतिमाह बटवायी जाने के एवं पंचायतवार सभी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सूची बनाकर जिला कार्यालय में भेजने के निर्देश दिये गये। जिन क्षेत्रों में गर्भवती महिला कम मिल रही हैं, वहां पर आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा सर्वे कराने के निर्देश दिये गये।

विकासखंड गोटेगांव अंतर्गत श्रीमती सरिता ठाकुर लाठगांव ए.एन.एम. एवं मीना ठाकुर ए.एन.एम. शहरी गोटेगांव कार्यस्थल पर स्कोर कार्य नहीं कर रही हैं। इस पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने प्रतिदिन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी गोटेगांव प्रात: 10 बजे जाकर उनको चेक करेंगे एवं अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नरसिंहपुर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। सी.एच.ओ. द्वारा घर से सार्थक हाजिरी लगाई जा रही है, उनको आगामी बैठक में बुलाने के निर्देश दिये गये। विकासखंड करेली के अंतर्गत श्रीमती भागवती गढ़वाल ए.एन.एम. उप स्वास्थ्य केन्द्र निवारी के कार्य में लापरवाही एवं सेवा समाप्ति का प्रस्ताव कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

सतना में मंगलवार जनसुनवाई बनी औपचारिकता

जनता की नहीं हो रही सुनवाई कलेक्टर के आदेश के बाद भी विभाग नहीं निपटा रहे मामले पेंडिंग

सतना स्वतंत्र मत। जिले में हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई अब जनता के लिए राहत की जगह परेशानी का सबब बनती जा रही है। कलेक्ट्रेट परिसर में हर हफ्ते उमड़ने वाली भीड़ इसका गवाह है कि लोगों की समस्याएं घटने की बजाय बढ़ती जा रही हैं। आवेदक सुबह 10 बजे से ही हाथों में आवेदन लिए लाइन में लग जाते हैं, लेकिन सुनवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन और दूसरी टेबल पर भेजने का खेल चलता है। स्थिति यह है कि कलेक्टर के स्पष्ट आदेश के बाद भी विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मामलों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जनसुनवाई में आए आवेदनों को संबंधित विभागों को मार्क तो कर दिया जाता है, लेकिन उसके बाद फाइलें महीनों तक धूल खाती रहती हैं। न तो मौके पर जांच होती है और न ही आवेदक को संतोषजनक जवाब मिलता है। नतीजा, वही व्यक्ति अगले मंगलवार को फिर उसी शिकायत के साथ जनसुनवाई में खड़ा मिलता है।

भीड़ दिन पर दिन बढ़ती जा रही-पिछले तीन महीनों के आंकड़ों पर गौर करें तो जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है। पहले जहां औसतन 80 से 100 आवेदन आते थे वहीं अब यह संख्या 200 से 250 को पार कर गई है। इसमें सबसे ज्यादा मामले राजस्व, पंचायत, नगर निगम, विद्युत



विभाग और खाद्य विभाग से जुड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों का कहना है कि सीमांकन नामांतरण बंटवारा और पीएम किसान सम्मान निधि से जुड़ी समस्याएं सालों से लंबित हैं। तहसीलदार और पटवारियों के चक्कर काटने के बाद वे जनसुनवाई में आते हैं, लेकिन वहां से भी उन्हें सिर्फ तारीख मिलती है। कलेक्टर सतीश कुमार एस द्वारा कई बार सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जनसुनवाई में आए प्रत्येक आवेदन का निराकरण 15 दिनों के भीतर किया जाए और टीएल बैठक में उसकी समीक्षा हो। लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। कई विभागों ने तो जनसुनवाई के आवेदनों के लिए अलग से कोई रजिस्टर तक संधारित नहीं किया है। सूत्रों की मानें तो कई अधिकारी जनसुनवाई में आते ही नहीं हैं और अपने अधीनस्थों को भेज देते हैं, जिनके पास निर्णय लेने का अधिकार ही नहीं होता। ऐसे में आवेदक घंटों इंतजार के बाद बैरंग लौटने को मजबूर हो जाता है।

सीएम हेल्पलाइन पर भी बढ़ रहा दबाव-जनसुनवाई में निराकरण न होने का सीधा असर सीएम हेल्पलाइन 181 पर पड़ रहा है। जब स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होती तो लोग सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराते हैं। जिले में सीएम हेल्पलाइन की पेंडेंसी अब 3500 से अधिक हो गई है, जिसमें से 1200 से ज्यादा शिकायतें 100 दिन से अधिक पुरानी हैं। इसमें भी अधिकतर शिकायतें वही हैं जो पहले जनसुनवाई में आ चुकी हैं।

खुरमुंडी के जंगल में मिला नर बाघ का शव, करंट से मौत

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। उत्तर सामान्य वनमंडल बालाघाट के पूर्व बैहर परिक्षेत्र अंतर्गत खुरमुंडी बीट के कक्ष क्रमांक 1582 में शनिवार 7 नवंबर को एक नर बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में बाघ की मौत विद्युत करंट लगने से होने की आशंका जताई जा रही है। मामले में संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। उत्तर सामान्य वन मंडल के वन मंडलाधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि खुरमुंडी बीट में बीट गार्ड द्वारा सुबह नियमित गश्ती की जा रही थी। इसी दौरान गुरार नाला के पास बाघ का मृत शरीर दिखाई दिया। बीट गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक एवं परिक्षेत्र अधिकारी को दी। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों तथा डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया गया। डॉग स्क्वाड ने घटनास्थल की जांच की। जांच के दौरान मृत बाघ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। प्रारंभिक तौर पर बाघ की मृत्यु विद्युत करंट लगने से होना प्रतीत हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग द्वारा संदेह के आधार पर दो व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पशु चिकित्सकों की टीम ने मृत नर बाघ



का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के बाद वन संरक्षक बालाघाट वनवृत्त, वनमंडलाधिकारी उत्तर सामान्य वनमंडल बालाघाट, उपवनमंडलाधिकारी बैहर, एनटीसीए के प्रतिनिधि एवं तहसीलदार की मौजूदगी में नियमानुसार अग्नि संस्कार कर बाघ के संपूर्ण शरीर को नष्ट किया गया। वन विभाग ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2796/25, दिनांक 7 नवंबर 2026 दर्ज कर लिया है। बाघ की मृत्यु के कारणों का पता लगाने तथा मामले में संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की जांच के लिए अग्रिम कार्रवाई जारी है।

सोने की चेन से जमीन के अंदर पानी की खोज

शंकरलाल मंगलानी कर रहे जनसेवा, तीन दशक में सैकड़ों लोगों को मिला फायदा

बालाघाट। जिले के प्रसिद्ध व्यवसायी शंकरलाल झुड़ामल मंगलानी के पास ऐसी एक अनोखी विद्या है, जिससे वह जमीन के अंदर पानी की खोज कर लेते है। अपनी सोने के चेन से जमीन के अंदर पानी का पता करने वाले शंकरलाल मंगलानी, आज 64 साल की आयु में भी, लोगों को निस्वार्थ भाव से निःशुल्क सेवाएं दे रहे है। तीन दशक से ज्यादा समय से उनकी विद्या का लाभ सैकड़ो लोगों को मिला है। जिले में एक सफल उद्यमी के नाम से पहचाने



जाने वाले शंकरलाल झुड़ामल मंगलानी को उनकी इस विद्या से पानी वाले भैया के नाम से एक अलग पहचान मिली है। हालांकि, वे प्रचार से दूर रहते है, उनका कहना है कि सेवा ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। जिले के प्रसिद्ध चिकित्सकों से लेकर बड़े हॉटलो और आम लोगों के घरो में उनकी विद्या से खोदे गए सैकड़ो बोरवेल आज, पानी की धार उगल रहे है। एक संक्षिप्त मुलाकात में व्यवसायी शंकरलाल मंगलानी ने बताते है कि साल 1985 में बोरवेल की खुदाई में घंटो लगते थे और जिले में कोई बोरवेल मशीन भी नहीं थी। तब एजेंटो के माध्यम से बोरवेल खुदाई के लिए मशीनों को दक्षिण भारत से बुलाया जाता था। इसी दौरान, घर में हुए बोरवेल के दौरान, बोरवेल खुदाई के लिए आए एक साउथ इंडियन व्यक्ति ने उन्हें इस विद्या के बारे में सीखाया। जिसका सबसे पहला प्रयोग, नगर के गुजराती समाजवाड़ी के पीछे स्थित आसाराम आश्रम में उन्होंने किया। जो सफल रहा। जिसके बाद उन्होंने अपने पुराने वार्ड, सुजान धर्मशाला गली में इसी विद्या से उन्होंने बोरवेल की खुदाई एक परिचित के यहां कराई, जहां भी बोरवेल सफल रहा। **विद्या प्रयोग के दौरान होश में नहीं होते है शंकरलाल**- - व्यवसायी शंकरलाल मंगलानी बताते है कि जब वह इस विद्या का उपयोग कर जमीन के अंदर पानी का पता लगाते है तो उस दौरान वह होश में नहीं होते है, अर्थात एक अदृश्य शक्ति के वश में होते है, विद्या के प्रयोग के दौरान हर बार मैने महसुस किया है कि आमतौर पर उन्हें होश नहीं होता है कि वह कौन है और कहां है।

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. अ-6 सन-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/11/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
03	करेलीगंज	20/36	2450 वर्गफुट	श्वेताम्बर जैन मंदिर सरवराहकार सेठ टीकाराम सा. करेली गंज	श्वेताम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष सतीश कुमार लूनावत सा. करेली गंज

इश्तहार आज दिनांक 05/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. अ-6 सन्-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार फौती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/11/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्पक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
03	करेलीगंज	20/37	2800 वर्गफुट	श्वेताम्बर जैन मंदिर सरवराहकार सेठ टीकाराम सा. करेली गंज	श्वेताम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष सतीश कुमार लूनावत सा. करेली गंज

इश्तहार आज दिनांक 05/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर

जिला निरीक्षण समिति गठित

मण्डला (स्वतंत्रमत)। जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण समिति का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित समिति द्वारा आदर्श बाल गृह का निरीक्षण कर बच्चों के संरक्षण स्वास्थ्य पोषण शिक्षा सुरक्षा एवं कौशल विकास से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 54 एवं किशोर न्याय मॉडल नियमए 2016 के नियम 41 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित समिति में नागरिक समाज की प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती तनु चौरसिया मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती भारती दीक्षित तथा जिला दंडाधिकारी द्वारा नामित प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में श्रीमती कंचना कसार को शामिल किया गया है। समिति द्वारा प्रत्येक तीन माह में जिले की पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण कर निर्धारित मापदंडों के अनुसार संस्थागत व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाता है।

ई-ऑफिस कार्यप्रणाली पर नियुक्त

मण्डला (स्वतंत्रमत)। जिले में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी अधिकारी एवं डीईजीएम शैलेन्द्र यादव को आगामी आदेश तक जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत की गई है। नोडल अधिकारी जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे।

पेंशनर एसोसिएशन की बैठक

मण्डला (स्वतंत्रमत)। माहिष्मति घाट स्थित गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की जिला शाखा की बैठक जिलाध्यक्ष बीके राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में हरिराम कछवाहा, एनके दुबे, यूके दुबे, गुलाब सिंगरौरे, पीएन वारेश्वा मंचासीन रहे। बैठक के प्रारंभ में बताया गया कि पेंशनर्स के लिए नवंबर का माह अति महत्वपूर्ण होता है। इस माह में सभी पेंशनर्स मोबाइल से जीवन प्रमाण एप से या ओनलाइन या संबंधित बैंक जाकर अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करें अन्यथा पेंशन बंद हो सकती है।

बस संचालन में लापरवाही

मण्डला (स्वतंत्रमत)। मंडला से बिछिया रोड पर चलने वाली बसें महाराजपुर, पोंड़ी, बंजर पुल, हिरदेनगर रोड, पुरवा होकर भुआ बिछिया की ओर जाती हैं। तथा सवारी लेने के लिए ये बसें निर्धारित रूट पर चलती हैं परंतु लौटते समय ये बसें निर्धारित रूट पर न चलकर बायपास से सीधे मंडला पहुंच रही हैं। जो यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं वापसी में हिरदेनगर तिराहा, रेलवे क्रासिंग,पोंड़ी, महाराजपुर होकर वापस नहीं आने से इन क्षेत्रों के अलावा 25 ग्रामों से अधिक ग्रामों की जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है।

निराकरण सुनिश्चित करने निर्देश

मण्डला(स्वतंत्रमत)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण एवं अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सतर्कता मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र एवं नोटिस तामील से संबंधित लंबित प्रकरणों को इसी माह पूर्ण करने अपराधवार राहत राशि वितरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

ज्ञानदीप स्कूल में वर्षों से जमे पदाधिकारियों पर गिरेगी गाज
कलेक्टर ने बैठक में व्यवस्था सुधारने के दिए सख्त निर्देश

मण्डला (स्वतंत्रमत)।





नगर मुख्यालय में स्थित ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल इन दिनों अपनी शैक्षणिक व्यवस्था और प्रशासनिक संचालन को लेकर सवालों के घेरे में है। जिस विद्यालय से विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की उम्मीद की जाती है उसी विद्यालय में वर्षों से चुनाव नहीं होने और कार्यकारिणी के गठन एवं संचालन को लेकर उठ रहे सवाल अब व्यवस्था की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरुवार को ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं शैक्षणिक गुणवत्ता आगामी सत्र की तैयारियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में अनिवार्य रूप से आयोजित करने तथा वर्ष में दो बार आमसभा आयोजित कर वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित करने के निर्देश दिए आमसभा में सदस्यों एवं हितधारकों के सुझावों को भी शामिल करने को कहा गया शिक्षकों के मानदेय वेतन एवं अन्य व्यय प्रबंधन पर भी चर्चा की गई विद्यालय में नियमित प्राचार्य एवं शिक्षकों की पारदर्शी नियुक्ति के लिए विशेष कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए।

कमेटी में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी को भी शामिल किया जाएगा। सचिव के कार्यकाल की समय-सीमा निर्धारित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया बैठक के पश्चात कलेक्टर ने ज्ञानदीप स्कूल के नर्सरी एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वहीं सवाल सिर्फ चुनाव नहीं होने का नहीं है बल्कि उस पूरी व्यवस्था का है जिसमें लंबे समय से पदस्थ अमले और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों की भूमिका जवाबदेही और कार्यप्रणाली पर पारदर्शिता की मांग उठ रही है। आखिर वर्षों से विद्यालय की कार्यकारिणी के चुनाव क्यों नहीं कराए गए क्या विद्यालय के संचालन में आम सदस्यों और हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित हो पा रही है क्या विद्यालय की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा हो रही है और सबसे बड़ा सवाल यह कि जब कार्यकारिणी का लोकतांत्रिक तरीके से गठन ही नहीं होगा तो विद्यालय के संचालन में जवाबदेही किस आधार पर तय की जाएगी ज्ञानदीप स्कूल में लंबे समय से चुनाव नहीं होने की स्थिति ने विद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को लेकर चर्चा तेज कर दी है। आरोप और सवाल यह भी उठ रहे हैं कि यहां विभिन्न पदों पर पदस्थ कुछ अमला वर्षों से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहा है।

लंबे समय तक एक ही व्यवस्था बने रहने से कार्यप्रणाली में बदलाव नई सोच और जवाबदेही की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी बीच कुछ दिन पूर्व कलेक्टर की अध्यक्षता में ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव संजय तिवारी, एपीसी मुकेश पाण्डे सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं शैक्षणिक गुणवत्ता आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह में अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्ष में दो बार आमसभा आयोजित कर वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित करने की बात कही गई। आमसभा में सदस्यों और अन्य हितधारकों के सुझावों को भी शामिल करने के निर्देश दिए गए ताकि विद्यालय का संचालन किसी सीमित दायरे तक सिमटकर न रह जाए बल्कि सभी संबंधित पक्षों की भागीदारी से आगे बढ़े। लेकिन यहां एक महत्वपूर्ण सवाल अब भी कायम है।

बैठक में शिक्षकों के मानदेय वेतन और अन्य व्यय प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। किसी भी शैक्षणिक संस्थान की मजबूती के लिए आर्थिक व्यवस्था का पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। कलेक्टर द्वारा वार्षिक बजट को आमसभा में सर्वसम्मति से पारित कराने के निर्देश इसी दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि इन निर्देशों का पालन कितनी गंभीरता से किया जाता है और विद्यालय की आर्थिक एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कितनी पारदर्शिता आती है। विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में एक और महत्वपूर्ण निर्णयात्मक पहल सामने आई। नियमित प्राचार्य और शिक्षकों की पारदर्शी नियुक्ति के लिए विशेष कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए। इस कमेटी में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी को भी शामिल किया जाएगा। इस पहल को विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा सकता है। लेकिन सवाल यह भी है कि यदि नियुक्तियों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने की जरूरत महसूस की जा रही है तो अब तक विद्यालय में पदस्थ अमले की कार्यप्रणाली जिम्मेदारियों और नियुक्ति संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा कब और कैसे होगी लंबे समय से पदस्थ कर्मचारियों की भूमिका और कार्य निष्पादन का मूल्यांकन भी निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए ताकि संस्थान में योग्यता और जवाबदेही को प्राथमिकता मिल सके। बैठक में सचिव के कार्यकाल की समय-सीमा निर्धारित करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।

कान्हा टाइगर में बाघिन दीदी सम्मेलन



मण्डला(स्वतंत्रमत)। कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन वनमंडल अंतर्गत मोतीनाला परिक्षेत्र की इको विकास समिति मनोरी द्वारा निर्मित कान्हा बाल उद्यान में बाघिन दीदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मोतीनाला परिक्षेत्र की सभी 26इको विकास समितियों की 40 महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, सहायक संचालक सिझोरा आशीष पाण्डेय, सहायक संचालक मलाजखंड सुनील पन्द्रे, परिक्षेत्र अधिकारी सिझोरा अभिषेक दुबे, परिक्षेत्र अधिकारी गढ़ी प्रिवेश बराड़े एवं परिक्षेत्र अधिकारी मोतीनाला सुश्री पूजा बघेल उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जोड़ना तथा उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर महिलाओं को जंगलों की सुरक्षा अवैध कटाई की रोकथाम वन्यजीव संरक्षण एवं ग्रामीण समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें फूलों से रंगोली बनाना झाड़ू निर्माण, मोहनलाइन के पत्तों से पत्तल निर्माण मटकी एवं झूमर सजावट बाघ तेंदुआ एवं बारहसिंगा पर आधारित खेल तथा कुर्सी दौड़ प्रमुख रहे। सभी गतिविधियों में बाघिन दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न स्वरूप सामग्री वितरित की गई।

चना बीज की गुणवत्ता पर सवाल

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)। जिले के मोहगांव विकासखंड में कृषि विकास केंद्र से रबी सीजन के दौरान वितरित किए गए चना बीज की गुणवत्ता को लेकर किसानों में नाराजगी है। किसानों का आरोप है कि अनुदान पर मिले प्रमाणित चना बीज में छोटे सिकुड़े और काले दाने निकले हैं। बुवाई के बाद खेतों में बीज का अपेक्षित अंकुरण नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने कृषि विभाग से बीज की गुणवत्ता की जांच कराकर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा प्रभावित किसानों को राहत देने की मांग की है स्थानीय किसानों के अनुसार उन्होंने मोहगांव कृषि विकास केंद्र से अनुदान पर चना बीज प्राप्त किया था। बीज पर भरोसा करते हुए खेतों की तैयारी की और खाद डालकर बुवाई की।

12 से होगी श्रीमद् भागवत कथा

मण्डला/पिंडरई (स्वतंत्रमत)।



ग्राम पिंडरई में 12 से 18 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में शामिल होने के लिए ग्राम पंचायत पिंडरई के उपसरपंच जितेंद्र सिंह राजपूत एवं सर्वधर्म स्थाई प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा संत शिरोमणि पूज्य गुरुदेव विपिन बिहारी महाराज से भेंट कर आमंत्रित किया गोटेगांव श्रीधाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पिंडरई से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कथा श्रवण कर पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल एवं गुरुदेव को पिंडरई में आयोजित होने वाली कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया प्रतिनिधिमंडल के अनुसार मंत्री श्री पटेल ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन में शामिल होने का आश्वासन दिया इस दौरान उपसरपंच जितेंद्र सिंह राजपूत ने मंत्री श्री पटेल से ग्राम पंचायतों के विकास, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के संबंध में भी चर्चा की। मंत्री ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

कैबिनेट मंत्री ने खरीदी पूजन सामग्री



मण्डला(स्वतंत्र मत)। दीपावली और धनतेरस के पावन पर्व पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने जिले के स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल की है। मंत्री श्रीमती उइके ने रेडक्रॉस के समीप सजने वाले स्थानीय बाजार पहुंचकर जिले के कलाकारों द्वारा तैयार की गई पूजन सामग्री की खरीदारी की और छोटे दुकानदारों व हस्तशिल्पियों का उत्साहवर्धन किया। बाजार भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने मंडला के स्थानीय कलाकारों द्वारा बेहद आकर्षक ढंग से बनाए गए मिट्टी के दीये रंगोली पारंपरिक झाड़ू भगवान धन्वंतरि व माता लक्ष्मी जी की तस्वीरें और फूल-माला सहित अन्य पूजन सामग्री खरीदी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने मंडला जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस दीपावली पर वोकल फॉर लोकल के संकल्प को मजबूत करें।

मुख्य मार्ग स्थित किराना दुकान में चोरी

छत की टीन उखाड़कर घुसे चोर करीब 30 हजार रुपये का किराना सामान पार

नैनपुर। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित एक किराना दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बीती रात अज्ञात चोर दुकान की छत की टीन की चादरें उखाड़कर अंदर दाखिल हुए और करीब 30 हजार रुपये कीमत का किराना संबंधी सामान लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग स्थित चेला राम चिमनदास की किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से प्रवेश किया। चोरों ने दुकान की छत की टीन उखाड़ीं और भीतर रखे किराना सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब दुकान संचालक को चोरी की जानकारी मिली तो उन्होंने घटना की सूचना नैनपुर पुलिस को दी।

नगर के प्रमुख व्यावसायिक मार्ग पर इस तरह चोरी की वारदात सामने आने से व्यापारियों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों की सुरक्षा भी अब चिंता का विषय बनती जा रही है। व्यापारियों ने पुलिस से घटना की गंभीरता से जांच कर अज्ञात चोरों का पता लगाने तथा बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की अपेक्षा जताई है।

पटाखों की बिक्री पर लगे रोक

मण्डला(स्वतंत्रमत)। दीपावली के पावन पर्व पर धार्मिक आस्था एवं सनातन संस्कृति की मर्यादा बनाए रखने के उद्देश्य से हेमंत दुबे ने जिले के समस्त पटाखा व्यापारियों से हिंदू देवी-देवताओं के चित्रों वाले पटाखों का विक्रय नहीं की अपील की है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से भी इस विषय पर गंभीरता से ध्यान देने तथा नियमानुसार आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। दीपावली केवल दीप जलाने और आतिशबाजी करने का पर्व नहीं बल्कि हमारी धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं एवं मर्यादाओं का प्रतीक है। यह पर्व भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन तथा अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देता है। ऐसे पावन अवसर पर देवी-देवताओं के चित्रों का उपयोग पटाखों पर किया जाना उचित नहीं है ।

सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना : नीरज अग्रवाल

मण्डला (स्वतंत्रमत)। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने जिले वासी पत्रकार साथियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कामना की कि दीपों का यह महापर्व सभी के जीवन में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।



नीरज अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं है बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम भाईचारे सद्भाव और एकजुटता के साथ समाज में सकारात्मकता फैलाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा नए उत्साह और नई उम्मीदों का संचार करे। समाज के प्रत्येक वर्ग के चेहरे पर मुस्कान आए और हर परिवार सुख-समृद्धि से परिपूर्ण रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहार को आपसी सौहार्द प्रेम और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मनाएं तथा जरूरतमंदों के साथ खुशियां साझा करें।

परिपूर्णता शिविर में बांटे हितलाभ

मण्डला(स्वतंत्र मत)। ग्रामीण अंचल के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने ग्राम मानादेई में आयोजित स्वामित्व पंजीयन परिपूर्णता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस विशेष शिविर के माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्तियों तक शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख एवं पंजीयन से संबंधित हितलाभों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुरैना जिले के ग्राम करुआ में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव लाइव प्रसारण किया गया।

कोदो कुटकी पंजीयन 25 तक

मण्डला(स्वतंत्रमत)। खरीफ वर्ष 2026 में कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन की अवधि राज्य शासन द्वारा बढ़ाकर 25 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 5 नवम्बर तथा सत्यापन की तिथि 10 नवम्बर निर्धारित थी। अब पंजीकृत कृषकों का सत्यापन 30 नवम्बर तक किया जाएगा। उपार्जन के लिए कोदो का समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का 3600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कोदो-कुटकी उत्पादक किसान ई-उपार्जन पोर्टल अथवा संबंधित सहकारी समिति में जाकर निर्धारित समय-सीमा में अपना पंजीयन कराएं। संबंधित समितियों को भी अधिकाधिक कृषकों का पंजीयन एवं समय-सीमा में सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने किसानों से की चर्चा

मण्डला(स्वतंत्रमत)। किसानों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से अनुविभाग नैनपुर के अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर निवारी में कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने सहभागिता करते हुए उपस्थित किसान भाइयों को धनतेरस की आत्मीय शुभकामनाएं दीं और कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संवाद के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नरवाई फसल अवशेष प्रबंधन के तहत की जा रही प्रशासनिक कार्रवाई दंडात्मक न होकर पूर्णत: जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से है।

सूर्यकुंड में होगी विशेष पूजा

मण्डला(स्वतंत्र मत)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शनिवार को कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी नरक चौदस पर श्री हनुमान जी महाराज का प्राकट्य उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। जिले के सिद्ध पीठ श्री सूर्यकुंड धाम में श्री हनुमान जी के प्राकट्य की तिथि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी नरक चौदस एवं चैत्र शुक्ल पूर्णिमा दोनों मानी जाती है। कल्प भेद एवं मतान्तर से दोनों तिथियों में हनुमान जी का प्राकट्य माना जाता है। शनिवार को प्रात: 5 बजे अभिषेक होगा। जिसमें लाल जी का अनावृत दर्शन पंचगव्य अमृत से अभिषेक बाल रूप दर्शन, दिव्य गौवृती भोग एवं तुलसी दल से सहस्त्रार्चन होगा। आचार्यत्व नीलू महाराज एवं शिवम महाराज पूजन करायेंगे। श्री सूर्य कुंड हनुमान जी महाआरती भंडारा समिति ने धर्मप्रेमियों से धर्मलाभ लेने अपील की है।

अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही



मण्डला(स्वतंत्र मत)। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बिछिया वृत्त के ग्राम औरई एवं कोको में दुकानों और घरों पर दबिश देकर 10 लीटर कच्ची मदिरा 20 नग गोवा और 12 नग बीयर जब्त की गई। वहीं नारायणगंज क्षेत्र में देसी एवं विदेशी मदिरा बरामद कर प्रकरण दर्ज किए गए।

मंडला क्षेत्र के सेमरखापा में भी दो प्रकरण दर्ज कर 10 लीटर कच्ची मदिरा और 15 नग प्लेन शराब जब्त की गई। इस प्रकार अवैध रूप से मदिरा का विक्रय करने वालों के विरुद्ध कुल 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक सर्वेश नागवंशी भानु पुशाम, हरे सिंह उइके सहित प्रधान आरक्षक कन्हैया उइके, शकुंतला सैयाम, बिहारी साहू, नेतराम काकोटिया एवं विकास कौरव सहित आबकारी विभाग का अमला उपस्थित रहा।

एक दिया उम्मीदों के नाम: जो किसी की पूरी दुनिया रोशन कर दे



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

अंधेरे से बड़ी है एक लौ, दीपावली सिर्फ दीयों का त्योहार नहीं, सोच का त्योहार है। हम हर साल घर में सैकड़ों दिए जलाते हैं, लेकिन क्या कभी अपने भीतर एक दिया जलाया है? एक ऐसा दिया जो कहता हो – अभी हार नहीं मानी है।

एक दिया खुद अपने लिए, जो जीवन को रोशन कर दे, छंट जाए घनघोर अंधेरा और जीवन में खुशियां भर दे – यही इस दिवाली का असली संदेश है। सिर्फ त्योहार पर नहीं, हर दिन एक दिया जलाना है। और अपने प्रकाश की खुशियां दूसरों तक भी पहुंचे तभी आपके प्रकाश की पूर्ण सार्थकता है। और इसकी शुरूआत बहुत छोटी छोटी बातों से शुरू हो सकती हैं, निराश जीवन की ओर एक उम्मीद का हाथ किसी की नई शुरूआत हो सकता है।

1. छोटा सा प्रयास, बड़ा बदलाव

हम अक्सर सोचते हैं कि दुनिया बदलने के लिए बड़ा पैसा, बड़ी ताकत चाहिए। सच इसके उलट है। दुनिया बड़ी मदद से नहीं, छोटे भरोसे से बदलती है।

आपकी एक मुस्कान– सुबह ऑफिस में उदास बैठे साथी को आपकी एक सच्ची मुस्कान कह सकती है – मैं तुम्हारे साथ हूं।

एक मीठा शब्द– किसी की असफलता पर कोई बात नहीं, फिर से कोशिश करो कहना, उसके लिए ऑक्सीजन बन सकता है।

थोड़ी सी मदद–बस में बुजुर्ग को सीट देना, किसी अनजान को रास्ता बताना, यही तो उम्मीद के दिए हैं।

उदाहरण– सोचिए, एपीजे अब्दुल कलाम साहब को अगर उनके शिक्षक ने यह न कहा होता कि तुम कर सकते हो, तो क्या भारत को मिसाइल मैन मिलता?



एक शिक्षक के भरोसे के एक दिए ने पूरे देश का भविष्य रोशन कर दिया।

2. सच्ची खुशी - देने में है

मनोविज्ञान कहता है, जो लोग दूसरों की मदद करते हैं, उनके मस्तिष्क में खुशी के हार्मोन ज्यादा बनते हैं। सच्ची शांति लेने में नहीं, देने में है।

जब आप किसी निराश व्यक्ति को सहारा देते हैं, तो दो जीवन रोशन होते हैं – उसका भी और आपका भी। आप उसे हौसला देते हैं और खुद को यह यकीन दिलाते हैं कि आपमें अभी भी अच्छाई बाकी है।

उदाहरण मदर टेरेसा के पास क्या था? न धन, न महल। सिर्फ सेवा का दिया। उसी एक दिए से उन्होंने लाखों बेसहारा लोगों के जीवन में उजाला भर दिया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि एक दिया हजारों अंधेरों पर भारी है।

सहानुभूति ही असली रोशनी है

दूसरों के जीवन में उम्मीद का दीया जलाने का अर्थ है – उन्हें यह महसूस कराना कि वे अकेले नहीं हैं।

आज हर दूसरा व्यक्ति किसी न किसी तनाव, अकेलेपन, असफलता से जूझ रहा है। उसे ज्ञान नहीं, सहानुभूति चाहिए। उसे सुनने वाला चाहिए।

सुनना सीखें– बिना सलाह दिए, बिना जज किए, सिर्फ सुन लें।

समझें– हर मुस्कुराते चेहरे के पीछे एक कहानी है, उसे समझने की कोशिश करें।

उदाहरण– एक किसान कर्ज से परेशान था। गांव के एक युवा ने रोज शाम उसके पास बैठकर चाय पीना शुरू किया। कोई बड़ी मदद नहीं की। बस कहा – चाचा, हम हैं। कुछ महीनों में किसान ने फिर से हिम्मत जुटाई। वह युवा उसका उम्मीद का दिया बन गया।

4. प्रेरणा बनें, भाषण नहीं

प्रेरणा भाषणों से नहीं, आचरण से आती है। आप जैसा जीते हैं, वही आपका सबसे बड़ा संदेश है।

अगर आप खुद हर परिस्थिति में सकारात्मक रहते हैं, ईमानदारी से काम करते हैं, तो लोग आपसे खुद प्रेरणा लेंगे। आपका जीवन ही एक जलता हुआ दिया बन जाएगा।

इस दिवाली क्या करें?

इस दिवाली दो दिए जरूर जलाएं –

पहला दिया – अपने लिए– अपने भीतर के डर, शंका, निराशा को दूर करने के लिए। खुद से कहें – मैं कर सकता हूं, मेरी उम्मीद अभी जिंदा है।

दूसरा दिया – किसी और के लिए– अपने घर के बाहर, किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जो उम्मीद खो बैठा है। किसी गरीब बच्चे को किताब दिला दें, किसी अकेले बुजुर्ग से बात कर लें, किसी असफल दोस्त को गले लगा लें।

याद रखिए, अंधेरा कितना भी घना क्यों न हो, एक छोटी सी लौ उसे चीरने के लिए काफी है। आपका एक छोटा सा प्रयास किसी की पूरी दुनिया बदल सकता है।

रोशन हो जाए हर घर का आंगन,
मिट जाए दिलों से हर एक गम,
चलो मिलकर इस बार जलाएं,
एक दिया उन मासूम उम्मीदों के नाम।

एक दिया उम्मीदों के नाम

एक दिया उम्मीदों के नाम
आज जलाते हैं,
मन के कोने-कोने से
अंधकार मिटाते हैं।
जो छूट गया, जो टूट गया,
उसे भूलकर आगे बढ़ना है,
मुश्किलें चाहे कितनी भी हों,
हौसले से आगे लड़ना है।
निराशा के बादलों को चीरकर,
एक नई किरण आएगी,
यह छोटी सी लौ,
कल एक नया सवेरा लाएगी।
सिर्फ़ मिट्टी का नहीं,
यह विश्वास का एक उजाल है,
हर दिल में खुशियाँ भर दे,
यही दीपावली का साल है।

दीवाली पूजन में खील-बताशे चढ़ाने की परंपरा सिर्फ रस्म नहीं !

दीवाली पर दीयों को रोशनी में और मिठाइयों की रौनक देखते ही बनती है। दीपावली का पर्व मां लक्ष्मी के स्वागत और सुख-समृद्धि की कामना का पर्व होता है। इस दिन लोग घरों में विधि-विधान से माता लक्ष्मी की पूजा गणपति के साथ करते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग तरह के भोग लगाते हैं। दीयों की रोशनी में डूबी हुई दीवाली की रात वास्तव में कुछ खास होती है। पूजा की थाली में दीपक, फूल, मिठाई और फल के साथ खील-बताशे भी विशेष रूप से सजाए जाते हैं और माता लक्ष्मी को खील बताशों का भोग लगाया जाता है।

आपने भी गौर किया होगा कि दिवाली पर खील-बताशे खरीदने और उन्हें पूजा में चढ़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर माता लक्ष्मी की पूजा में खील-बताशे ही क्यों चढ़ाए जाते हैं? आइए आपको बताते हैं इससे जुड़ी कुछ मान्यताओं के बारे में।

खील-बताशे क्या होते हैं?

खील और बताशे एक पारंपरिक मिठाई हैं जो सदियों से दीवाली के पर्व का एक अहम हिस्सा हैं। इसमें मुख्य रूप से दो चीजें होती हैं खील यानी कि धान का लावा और बताशे यानी चीनी से तैयार की गई एक पारंपरिक मिठाई। खील तैयार करने के लिए कच्चे चावल को रेत या नमक में भूना जाता है, जिससे



वो फूल जाते हैं और खील का रूप ले लेते हैं।वहीं, बताशे बनाने के लिए चीनी को पानी में तब तक उबाला जाता है जब तक कि वह गाढ़ी न हो जाए, फिर इसे सिक्के के आकार में ढाला जाता है।

माता लक्ष्मी को क्यों चढ़ता है खील-बताशे का भोग

दीवाली के दौरान, पूजा-पाठ के अहम हिस्से के रूप में माता लक्ष्मी को खील-बताशे का भोग लगाया जाता है। खील को पवित्रता और नई फसल से जोड़ा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दौरान धान की नई फसल तैयार होती है, इसलिए नई फसल को सम्मान देने और माता लक्ष्मी का आभार दिखाने का एक अच्छा तरीका माना जाता है। वहीं सफेद बताशे पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं। साथ ही, इसे शुक्र ग्रह का प्रतीक भी माना जाता है जो शीतलता और संतुलन बनाए रखने वाली ऊर्जा को भी दिखाते हैं।

माता लक्ष्मी को खील-बताशे चढ़ाने का महत्व

खील को पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, जबकि बताशे मिठास और शुभता को दर्शाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इनका भोग लगाने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और धन, समृद्धि तथा सफलता का आशीर्वाद मिलता है। खील यानी धान मुख्य रूप से चावल का ही एक रूप हैं और मुख्य रूप से उत्तर भारत में खाया जाने वाला सबसे प्रमुख अनाज है। वहीं दीवाली के ठीक पहले चावल की फसल तैयार होती है इसी वजह से सबसे पहले खील लक्ष्मी को चढ़ाया जाता है। साथ ही, माता लक्ष्मी से धन वैभव और समृद्धि की कामना भी की जाती है। शुक्र ग्रह को प्रसन्न करने और धन-वैभव पाने के लिए माता लक्ष्मी को खील चढ़ाई जाती है। वास्तव में यह सिर्फ एक परंपरा नहीं है बल्कि माता लक्ष्मी की कृपा पाने का एक तरीका है, जो समृद्धि की देवी का सम्मान व्यक्त करने का एक माध्यम भी है।



पटाखों के शोर से सहम जाता है आपका पेट डॉग?

दीवाली का त्योहार खुशियों और रोशनी का पर्व होता है। हर तरफ जगमगाती रोशनी, दीये और मिठाइयां इस त्योहार को खास बनाते हैं। हालांकि, इस त्योहार में पटाखों का शोर भी होता है, जो हमारे पेट्स के लिए काफी डरावना हो सकता है।

जानवरों की सुनने की क्षमता इंसानों से ज्यादा तेज होती है। इसलिए उनके लिए पटाखों की तेज आवाजें और ज्यादा डरावनी हो सकती हैं। आसमान में पटाखों की रोशनी और धुआं भी उन्हें परेशान कर सकता है। इसलिए दीवाली को अपने पेट्स के लिए भी खास बनाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए जानें कैसे पटाखों के शोर में आप अपने पेट्स को सुरक्षित रख सकते हैं।

घर के अंदर एक सुरक्षित माहौल बनाएं

दीवाली के शोर-शराबे से अपने पेट्स को बचाने के लिए अपने घर के अंदर एक शांत और आरामदायक जगह बनाएं। घर का वो कमरा चुनें, जहां पटाखों की आवाज सबसे कम आती हो। वहां उनका बिस्तर लगाएं, उनके खिलौने रखें और उनके लिए पानी रखें। तेज आवाज और धुएं को अंदर आने से रोकने के लिए खिड़की-दरवाजे बंद करके रखें, ताकि पेट्स को घर के अंदर सुरक्षित महसूस हो।


खाने-पीने का ध्यान रखें

त्योहारों में तला-भुना खाना खूब बनता है और मेहमानों का आना-जाना भी लगा रहता है। ऐसे में इस बात का ध्यान रखें कि आपके पेट्स को कुछ भी तला-भुना काना न मिले। चॉकलेट्स, मिठाइयां और मसालेदार तला हुआ खाना पेट्स के स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए उनके लिए उनका पेट फूड रेडी रखें और उन्हें समय पर खाना खिलाएं।

उन्हें अकेला न छोड़े

पटाखों के शोर के कारण जानवरों को घबराहट महसूस हो सकती है। इसलिए ऐसे में उन्हें आपके सपोर्ट की जरूरत होती है। जब वे डरें या घबराहट के कारण घर में इधर-उधर भागें या शोर मचाएं, तो उन पर गुस्सा करने की जगह, उन्हें प्यार से सहलाएं। उनके पास बैठें और उन्हें महसूस करवाएं कि वो अकेले नहीं हैं। अगर आपका पेट बहुत ज्यादा घबरा रहा है या उसका व्यवहार बहुत आक्रामक हो रहा हो, तो तुरंत उनके डॉक्टर से बात करें।

आखिर क्यों दीवाली पर रातभर खुला रहता है घर का मुख्य दरवाजा?



दीवाली हिंदू धर्म के सबसे खास त्योहारों में से एक है। रोशनी, खुशहाली और सुख-समृद्धि का प्रतीक दीवाली इस साल 8 नवंबर 2026, रविवार को मनाई जानी है। दीवाली के मौके पर हिंदू घरों में मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा के साथ कई तरह की परंपराओं का पालन किया जाता है। इस दिन घर के प्रत्येक कोने को दीपक की रोशनी से सजाया जाता है, ताकि कोई भी कोना अंधकार में न रहे और लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त हो। इस दिन लोग अपने घर के मुख्य द्वार को सुंदर-सुंदर सजावटी चीजों से सजाने के साथ दीपक जलाते हैं। लेकिन दीवाली से जुड़ी एक परंपरा ये भी है कि कई लोग रातभर अपने घर का मुख्य दरवाजा खुला रखते हैं। आखिर दीवाली से जुड़ी इस परंपरा के पीछे का सच क्या है, आइए जानते हैं एस्ट्रोपत्री के ज्योतिषी से।

दीवाली की रात द्वार क्यों खुला रखा जाता है? – एस्ट्रोपत्री के ज्योतिषी चंद्रेश शर्मा के अनुसार, धार्मिक मान्यताओं और वास्तुशास्त्र की माने तो, दिवाली की रात खासकर प्रदोष काल से लेकर निशीथ काल तक घर का मुख्य द्वार खुला रखना अत्यंत शुभ और आवश्यक माना जाता है। आइए जानते हैं इसके पीछे की मुख्य धार्मिक मान्यताएं क्या हैं?

मुख्य द्वार खुला रखने के प्रमुख कारण– माता लक्ष्मी और कुबेर का आगमन– मान्यता है कि दीपावली की रात महालक्ष्मी और कुबेर महाराज पृथ्वी लोक पर भ्रमण करते हैं और शुद्ध, अलंकृत तथा प्रकाशमान घरों में ही प्रवेश करते हैं। घर का बंद दरवाजा इस बात का प्रतीक माना जाता है कि उस घर में माता के स्वागत की तैयारी नहीं है।

सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश– मुख्य द्वार को घर का मुख माना गया है। द्वार के दोनों ओर सरसों के तेल या शुद्ध घी के दीये जलाकर द्वार खुला रखने से घर में रिद्धि-सिद्धि और शुभ-लाभ का सहज प्रवेश होता है।

पूजन काल और रात का विधान– धार्मिक मान्यता के अनुसार पूजन काल और आधी रात तक मुख्य द्वार को पूरा या आंशिक रूप से खुला रखना चाहिए।

रात में सुरक्षा और दीप जलाने का नियम

अखंड दीपक की परंपरा– देर रात सुरक्षा के नजरिए से जब मुख्य द्वार बंद किया जाता है, तब चौखट पर एक अखंड दीपक जलता रहना चाहिए।

प्रकाश का महत्व– इस प्रकार मुख्य द्वार पर प्रकाश निरंतर बने रहने से घर में माता लक्ष्मी की कृपा और उजाला हमेशा कायम रहता है।

दीवाली पर इन 3 चीजों के बिना क्यों नहीं आती मां लक्ष्मी

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार देशभर में दीवाली का पर्व 08 नवंबर को मनाया जाएगा। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन लाभ के योग बनते हैं और जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। पूजा के दौरान विशेष चीजों को शामिल किया जाता है। इन्हीं में शामिल हैं कौड़ी, कमल और सुपारी।



ऐसा माना जाता है कि पूजा थाली में इन चीजों को शामिल करणे से धन की देवी मां लक्ष्मी और गणेश जी अपनी कृपा बरसाते हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर दीवाली की पूजा में कौड़ी, कमल और सुपारी का क्या महत्व है और इन्हें पूजा थाली में शामिल क्यों किया जाता है। आइए इस आर्टिकल में आपको इसके पीछे की वजह के बारे में बताते हैं।

कौड़ी– पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के समय जिस तरह माता लक्ष्मी प्रकट हुई थीं, उसी तरह कौड़ियां भी समुद्र से ही उत्पन्न हुई हैं। इसी वजह से मां लक्ष्मी को दीवाली की पूजा के दौरान कौड़ी अर्पित करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा बरसती है और तिजोरी सदैव धन से भरी रहती है। इसलिए पूजा के दौरान देवी को कौड़ी चढ़ाने का विशेष महत्व है।

कमल का फूल– कमल के फूल का मां लक्ष्मी से गहरा संबंध माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान मां लक्ष्मी क्षीर सागर से कमल के फूल पर बैठकर प्रकट हुई थीं। इसलिए मां लक्ष्मी को कमल का फूल अत्यंत प्रिय है और कमल को उनका जन्मस्थान भी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि दीवाली की पूजा के दौरान देवी को कमल का फूल चढ़ाने से धन-वैभव की कोई कमी नहीं होती है और साधक को जीवन में शुभ परिणाम मिलते हैं।

सुपारी– हिंदू धर्म की पूजा में सुपारी को विशेष रूप से शामिल किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सुपारी में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का वास माना जाता है। इसलिए सुपारी को दीवाली की पूजा में जरूर शामिल किया जाता है। सुपारी पर कलावा लपेटकर उसे स्थापित किया जाता है। ऐसा करने से घर में खुशियों का आगमन होता है और रुके हुए काम पूरे होते हैं।

दिवाली पर गर्भवती महिलाएं बरतें खास सावधानी, पटाखों के धुएं और तेज शोर से बचें

दिव्यांशी भदौरिया

दिवाली का पर्व खुशियों, रोशनी और जश्न का है। ऐसे में हर किसी के घर में मिठाइयां बनती है, पटाखे जलाए जाते है और परिवार के लोग एक साथ मिलकर जश्न मनाते हैं।

लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए यह समय थोड़ी अतिरिक्त सावधानी बरतने का होता है। दिवाली के दौरान पटाखों से निकलने वाला धुआं, बढ़ता वायु प्रदूषण, तेज आवाज और खान-पान में लापरवाही मां और होने वाले बच्चे की सेहत को प्रभावित करता है। आइए आपको बताते हैं दिवाली के समय गर्भवती महिलाएं को 7 जरुरी बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

पटाखों के धुए-प्रदूषण से रहें दूर

दिवाली पर जलने वाले पटाखों से निकलने वाला धुआं हवा को प्रदूषित कर सकता है। इसमें पाए जाने वाले सूक्ष्म कण और हानिकारक गैसें सांस से संबंधी परेशनियां बढ़ जाती है। गर्भवती महिलाओं को पटाखे जलाने से वाली जगहों और अधिक धुएं वाले इलाकों से दूरी बनानी चाहिए। अगर बाहर प्रदूषण ज्यादा है, तो घर के अंदर रहे। जरुरत पड़ने पर अच्छी फिटिंग वाला N95 मास्क लगा सकते है, ताकि प्रदूषण से पूरी सुरक्षा न समझें।

तेज आवाज वाले पटाखों से बनाएं दूरी

ज्यादा शोर करने वाले पटाखों व आतिशबाजी की तेज आवाज से बचें। प्रेग्नेसी



के समय तेज आवाज के संपर्क को सीमित रखें। खासकर लाउडस्पीकर और तेज धमाके वाले पटाखों के आसपास खड़े होने से बचें। दिवाली का जश्न मनाने के लिए शांत और सुरक्षित जगहों को चूज करें।

खान-पान का रखें विशेष ध्यान

त्योहार के समय मिठाइयां, नमकीन और तली-भुनी चीजें खूब खाई जाती है। गर्भवती महिलाओं को इनका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, दालें, दूध और प्रोटीन युक्त चीजों को शामिल करें। ध्यान रखें कि बाजार में मिलने वाली खुली मिठाइयों और अस्वच्छ भोजन के सेवन से बचें।

पर्याप्त नींद और आराम करें

अक्सर त्योहार के समय लोग देर रात तक जागते हैं। लगातार मेहमानों के साथ व्यस्त रहने से थकान बढ़ सकती है। गर्भवती महिलाओं को अपनी नींद और आराम का पूरी तरह से ध्यान रखना चाहिए। शरीर में कमजोरी या थकान महसूस होने पर काम रोकें और आराम करें। डॉक्टर की सलाह के अनुसार, हल्की शारीरिक गतिविधियां जारी रखें।

पटाखे जलाने और आग के आसपास जाने से बचें

प्रेग्नेंसी के दौरान पटाखे जलाने से बचना बेहद जरुरी है। यह जलने, चोट लगने व धुएं के संपर्क में आने का खतरा रहता है। दीये और मोमबत्तियां जलाते समय भी सावधानी रखें। ढीले और सिंथेटिक कपड़ों की जगह आरामदायक सूती कपड़े पहनें। जब आप आग के पास हो, तो दुपट्टे और साड़ी का पल्लू को संभलकर रखें।

डॉक्टर की सलाह और दवाइयों का रखें ध्यान

यदि आपको हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, अस्थमा या गर्भावस्था से संबंधित दूसरी परेशानी है, तो डॉक्टर की सलाह का पालन करें। रेगुलर रुप से दवाइयां समय पर लें। और डाक्टर की अनुमति के बिना कोई नई दवा या हर्बल प्रोडक्ट का प्रयोग न करें। त्योहार के समय भी अपनी नियमित प्रेग्नेंसी जांच न टालें।

दिवाली पर घर को दें रॉयल लुक

अनन्या मिश्रा

दीपावली का पर्व खुशियां और नई चमक लेकर आता है। अक्सर लोग इस दौरान घर की सजावट में महंगे शोपीस और वॉल आर्ट पर ध्यान देते हैं, लेकिन अक्सर सही लाइटिंग को नजरअंदाज कर देते हैं। हालांकि इंटीरियर डिजाइनर्स की मानें, तो साधारण घर को रॉयल और लग्जरी दिखाने के लिए सीलिंग की सही लाइटिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में आप भी इस दिवाली अपने आशियाने को एलिगेंट और मॉर्डन लुक देने के लिए आप दो खास लाइट्स को घर में लगा सकते हैं।

यह दो लाइट्स स्लिम मैग्नेटिक ट्रैक लाइट्स और सीओबी लाइट्स हैं। गन ब्लैक और रोज गोल्ड जैसी प्रीमियम फिनिश में आने वाली यह लाइट्स जलती रहें, या फिर बंद रहें। आपकी छत हमेशा क्लासी लगेगी।

स्लिम मैग्नेटिक ट्रैक लाइट्स

इंटीरियर डिजाइनर घर को मॉडर्न और साफ-सुथरा लुक देने के लिए सामान्य लाइट्स की जगह स्लिम मैग्नेटिक ट्रैक लाइट्स लगवाते हैं। ये सीलिंग में एक पतले और स्टाइलिश ट्रैक के रूप में सेट हो जाती हैं। इनका डिजाइन इतना मॉडर्न होता है कि ये छत को बिना भारी दिखाए पूरे कमरे को एक रॉयल और प्रीमियम लुक देती हैं।

फोल्ड, स्पॉट, ग्रिल और लीनियर लाइट्स का कॉम्बिनेशन

मैग्नेटिक ट्रैक लाइट्स की सबसे अच्छी खासियत यह होती है कि इसमें अलग-अलग



तरह की लाइट्स को अपनी जरूरत के हिसाब से जोड़ा जा सकता है।

स्पॉट और फोल्ड लाइट्स का इस्तेमाल दीवारों पर लगी पेंटिंग्स या वॉल आर्ट को हाईलाइट करने के लिए किया जाता है।

ग्रिल व लीनियर लाइट का इस्तेमाल फर्श और कमरे के बड़े हिस्से को समान रोशनी देने के लिए किया जाता है।

इन सभी के कॉम्बिनेशन से आप अपने रूम में अलग-अलग लाइट थीम्स जैसे- ब्राइट, वॉर्म या डिम मूड आसानी से बना सकते हैं।

सीओबी लाइट्स के साथ होती है लेयरिंग

कमरे की लाइटिंग को अधिक अच्छा बनाने के लिए मैग्नेटिक लाइट्स को ष्ट्रह्लक्लाइट्स के साथ लेयर किया जाता है। इस तकनीक से कमरे के हर कोने में रोशनी होती है। इस तरह से कहीं ज्यादा तेज या आंखों में चुभने वाली लाइट नहीं लगती है।

फिनिश और रिफ्लेक्टर्स के मिलते हैं ऑप्शन

अक्सर नॉर्मल लाइट्स बंद होने के बाद छत बोरिंग दिखती है। लेकिन ष्ट्रह्लक्ल लाइट्स में इंटीरियर की थीम के हिसाब से गन ब्लैक और रोज गोल्ड जैसी प्रीमियम फिनिश वाले रिफ्लेक्टर्स मिलते हैं। इससे कमरे का लुक अट्रैक्टिव और एलिगेंट लगता है।

सीलिंग दिखेगी प्रीमियम

इन मॉर्डन लाइट्स की एक खासियत यह भी है कि लाइट्स जल रही हों या बंद हों। तो आपकी सीलिंग हमेशा लग्जरी और खूबसूरत दिखेगी। स्लिम ट्रैक डिज़ाइन और सुंदर रिफ्लेक्टर्स की वजह से दिन में भी छत एक इंटीरियर डिजाइनर-क्यूरेटेड स्पेस जैसी नजर आती है।

इजरायल चुनाव से ठीक पहले ईरान को दहलाना चाहते थे नेतन्याहू

यरुशलम

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख रोमन गोफमैन कथित तौर पर 27 अक्टूबर को हुए इजरायली चुनाव से ठीक पहले ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू करना चाहते थे। हालांकि, अमेरिका को इसकी भनक लगने के बाद इस योजना को रोक दिया गया।

टाइम्स ऑफ इजरायल के हवाले से चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने इस प्रस्तावित अभियान का विरोध किया था। उन्हें डर था कि इससे ईरान के साथ तनाव बहुत ज्यादा बढ़ सकता है, जिससे देश में होने वाले चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। सुरक्षा चिंताओं के बावजूद अभियान की तैयारियां जारी थीं, लेकिन एक इजरायली सुरक्षा ऑपरेटिव की गलती से वाशिंगटन को इस योजना की जानकारी मिल गई। इसके बाद अमेरिका ने तुरंत कदम उठाते हुए इस ऑपरेशन को रुकवा दिया। नेतन्याहू के कार्यालय ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने खुद समय रहते स्पष्ट कर दिया था कि इजरायली चुनाव से पहले हमला करने का कोई एजेंडा नहीं था।

यह खुलासा इजरायली मीडिया में उन खबरों के बाद आया है, जिनमें चुनाव से पहले ईरान के खिलाफ कार्रवाई को लेकर नेतन्याहू और शीर्ष



सैन्य अधिकारियों के बीच मतभेदों का जिक्र किया गया था। चैनल 12 की पूर्व रिपोर्ट के मुताबिक, 25 अक्टूबर को नेतन्याहू और इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ इयाल जमीर के बीच एक सैन्य आदेश को लेकर तीखा टकराव हुआ था। जमीर ने आदेश मानने का विरोध करते हुए इस पर और विचार-विमर्श करने तथा नेतन्याहू से लिखित मंजूरी देने की मांग की थी। सैन्य अधिकारियों को आशंका थी कि यह कदम संवेदनशील समय में ईरान के साथ बड़ा टकराव पैदा कर सकता है। इसके साथ ही यह चिंता भी जताई गई कि राजनीतिक नेतृत्व चुनाव में फायदा उठाने के लिए ईरान के मुद्दे का इस्तेमाल करना चाहता है।

हालांकि, नेतन्याहू ने एक टीवी इंटरव्यू में इन खबरों को बकवास करार देते हुए कहा था कि सेना प्रमुख के साथ कोई झगड़ा नहीं हुआ था। बाद की खबरों में यह भी कहा गया कि नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज की सैन्य कार्रवाई की मांग का विरोध करने वाले जमीर अकेले सुरक्षा प्रमुख थे। ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई की यह कोशिश ऐसे समय में सामने आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच कतर की मध्यस्थता से तनाव खत्म करने के कूटनीतिक प्रयास चल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि वह सैन्य विकल्प खुला रखने के बावजूद कूटनीति को और समय देना चाहते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, नेतन्याहू ने ट्रंप से अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के तुरंत बाद ईरान के खिलाफ युद्ध फिर से शुरू करने का आग्रह किया था। दूसरी ओर, ट्रंप चाहते थे कि इजरायल तेहरान के साथ जारी बातचीत में कोई बाधा न डाले। नेतन्याहू को अंदेशा है कि किसी कूटनीतिक समझौते से ईरान पर बना अंतरराष्ट्रीय दबाव काफी कम हो सकता है।

हाल ही में व्हाइट हाउस के बाहर ईरान पर पूछे गए सवाल पर ट्रंप ने कहा कि उन्होंने ईरान को मात दे दी है, स्थिति नियंत्रण में है और बातचीत जारी है। ट्रंप ने यह दावा भी दोहराया कि यदि उन्होंने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से नहीं रोका होता, तो आज इजरायल और पश्चिम एशिया का अस्तित्व ही नहीं होता।

रूस और यूक्रेन के युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका कर रहा है काम: ट्रंप



वाशिंगटन,(वार्ता)। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका, रूस और यूक्रेन के साथ सकारात्मक रूप से काम कर रहा है तथा यूक्रेनी संकट को सुलझाने की दिशा में काफी प्रगति कर रहा है। यूक्रेनी संघर्ष को सुलझाने की प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से कहा, हम रूस और यूक्रेन के साथ मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं। हम काफी प्रगति कर रहे हैं। श्री ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन से जुड़ी स्थिति पर कई बैठकों और फोन कॉल के बारे में भी जानकारी दी।उन्होंने कहा, रूस और यूक्रेन पहली बार संघर्ष को सुलझाना चाहते हैं। हमारी बैठकें हो रही हैं। आज मैं फोन पर बात करूंगा और कल भी कुछ लोगों से फोन पर बात होंगी। फ्लोरिडा में उनकी कुछ बैठकें तय हैं। श्री ट्रम्प ने कहा, हमने मार-ए-लागो में कई बैठकें तय की हैं, जिनमें रूस और अन्य मामलों से जुड़े कई लोग शामिल होंगे।

अब सरहदों तक सीमित नहीं युद्ध, सोशल मीडिया को हथियार बनाकर भ्रम फैला रहे दुश्मन

सिलीगुड़ी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अब युद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह गया है। प्राक्सी वार, नैरेटिव मैनेजमेंट, ड्रोन हमले और साइबर अटैक जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं।

दुश्मन सोशल मीडिया को हथियार बनाकर भ्रामक सूचनाएं फैलाने और लोगों को भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में जवानों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने जवानों को हर परिस्थिति में सतर्क और सजग रहने की हिदायत दी।

सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को सिलीगुड़ी पहुंचे। उन्होंने बागडोगरा एयरफील्ड में भारतीय वायुसेना की पूर्वी वायु कमान की ओर से आयोजित दीपावली समारोह में हिस्सा लिया।

इस दौरान उन्होंने जवानों और उनके परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। रक्षा मंत्री



शनिवार शाम को सुकना में सेना के जवानों से भी मुलाकात करेंगे।

बागडोगरा एयरफील्ड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र देश की रक्षा व्यवस्था के लिहाज से बेहद संवेदनशील और रणनीतिक महत्व रखता है। पूर्वोत्तर की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी इस क्षेत्र की अहम भूमिका है। यहां वायु सेवा के जवानों की तैनाती का अर्थ है कि वे पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक मजबूत ढाल के रूप में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य में कई तरह की नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। युद्ध का दायरा अब सीमाओं से आगे बढ़ चुका है। सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाएं फैलाकर लोगों को गुमराह करने और भड़काने की कोशिश की जा रही है। ऐसी परिस्थितियों में जवानों को पहले से अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि तकनीक चाहे कितनी भी विकसित क्यों न हो जाए, वह जवानों के अनुशासन और शिष्टाचार का स्थान नहीं ले सकती। बागडोगरा और आसपास के क्षेत्रों में सेना के प्रति लोगों का स्नेह और विश्वास काफी मजबूत है।

जवानों को स्थानीय लोगों के साथ अपना जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जवान जितना अधिक स्थानीय लोगों से जुड़ेंगे, उन्हें दुश्मन की गतिविधियों और मंसूबों के बारे में उतनी ही बेहतर जानकारी मिल सकेगी।

उन्होंने जवानों की ओर से ड्रोन संचालन सीखने और साइबर सुरक्षा की जानकारी हासिल करने की पहल की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने नव नियुक्त एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित को भी कार्यभार संभालने पर बधाई दी।

पेरू में पोप लियो की 46 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गयी

लीमा, (स्पूतनिक/वार्ता)

पेरू के तटीय शहर कैलाओ में कैथोलिक चर्च के प्रमुख को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की गयी है। यह प्रतिमा पोप लियो चौदहवें की यात्रा से पहले स्थापित की गयी है।

कैलाओ प्रांत के मेयर सीज़र पेरेज़ ने बताया कि शुक्रवार को कहा, आधार सहित इसकी ऊंचाई 14 मीटर (46 फीट) है। यह पोप के सम्मान में बनी दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। हमें गर्व है कि हम अपने पोप लियो चौदहवें को प्रेम, आस्था और स्नेह का प्रतीक भेंट कर पाए हैं।इस प्रतिमा को गुरुवार को लीमा से सड़क मार्ग द्वारा अलग-अलग हिस्सों में लाया गया और शुक्रवार को कैलाओ के तटीय इलाके में इसे जोड़कर खड़ा किया गया। पोप लियो चौदहवें छह से 17 नवंबर तक लैटिन अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। पेरू में उनकी यात्रा 11 नवंबर से शुरू होगी।पोप मूल रूप से अमेरिकी नागरिक हैं और बाद में उन्हें पेरू की नागरिकता भी मिल गयी थी। वे लगभग 20 वर्षों तक पेरू में रहे, जहाँ उन्होंने मिशनरी कार्यों में हिस्सा लिया और बिशप के रूप में सेवा की। इसके बाद 2023 में वे वेटिकन चले गए।

मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेट्स की जीत के कारण अमेरिका को तीन लाख करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ: ट्रम्प

वाशिंगटन,(स्पूतनिक/वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेट्स की जीत के कारण शेयर बाजार में हुए नुकसान का अनुमान तीन लाख करोड़ डॉलर लगाया है।

फ्लोरिडा के एक स्पेस सेंटर में श्री ट्रम्प ने कहा, कल तीन लाख करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ। आप जानते हैं, सिर्फ एक चुनाव की वजह से हमारे देश को तीन लाख करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा। अगर डेमोक्रेट्स की जीत से शेयर बाजार में तेजी आती, तो उन्हें और भी ज्यादा दुख होता। श्री ट्रम्प ने कहा, अगर हमें तीन लाख करोड़ डॉलर का फायदा हुआ होता, तो शायद मैं और भी ज्यादा दुखी होता।

दिल्ली से बिहार जा रही बस की ट्रक से टक्कर, 3 लोगों की मौत

कुशीनगर

अपनों से मिलने का सफर चंद पलों में मातम में बदल गया; दिल्ली से बिहार जा रही एक मुसाफिर बस कुशीनगर के पास भीषण हादसे का शिकार हो गई है। पथरवा थाना क्षेत्र में हुए इस दर्दनाक हादसे में एक मासूम बच्ची और दो पुरुषों ने अपनी जान गंवा दी, जबकि छह से ज्यादा लोग अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। पुलिस मौके पर राहत और बचाव कार्य के साथ दुर्घटना के कारणों की पड़ताल में जुटी हुई है। रवींद्रनगर पुलिस स्टेशन के एसएचओ अमित कुमार सिंह के अनुसार, कुशीनगर जिले



के पथरवा पुलिस स्टेशन इलाके में लबानिया चौराहे पर दिल्ली से बिहार जा रही एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और छह से अधिक लोग घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे व्यक्ति ने कुशीनगर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में दो पुरुष और डेढ़ साल की एक बच्ची शामिल है। गंभीर रूप से घायल दो यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बाकी घायल लोगों का इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारणों के बारे में और जानकारी का इंतज़ार है।

चुनाव आयोग की साजिश का हर रोज बड़ा खुलासा : कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता)



कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के जरिये लोकतांत्रिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आयोग की संदिग्ध भूमिका के हर दिन नये खुलासे किये जा रहे हैं और उसके कामकाज में महज अक्षमता नहीं, बल्कि कदाचार और साजिश के गंभीर मामले सामने आ रहे हैं। पार्टी ने कहा कि वह वोट चोरी के खिलाफ अभियान चला रही है और इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह की ओर से परिसीमन विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए अपनाये जा रहे कथित हथकंडों को भी सामने ला रही है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एक दैनिक अखबार में प्रकाशित अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि देश के सामने मौजूद इन ज्वलंत राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई है। संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि चुनाव आयोग का हर दिन बुरी तरह पर्दाफाश हो रहा है। यह केवल अक्षमता नहीं, बल्कि कदाचार और साजिश का जहरीला मेल है।

12 दिसंबर को परिवार संग अयोध्या जाएंगे अखिलेश यादव, रामलला के दर्शन कर हनुमानगढ़ी में भी टेकेंगे मत्था

लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 12 दिसंबर को परिवार के साथ अयोध्या जाएंगे। यहां वह राम मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। सपा नेता और पूर्व मंत्री पवन पांडे ने अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे की तारीख की जानकारी दी। पवन पांडे के मुताबिक, अखिलेश यादव के साथ उनकी पत्नी डिंपल यादव, बेटा और बेटी भी अयोध्या पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि सपा प्रमुख का यह दौरा पूरी तरह धार्मिक होगा। अखिलेश यादव अयोध्या में पूरा दिन बिताएंगे। राम मंदिर में रामलला के दर्शन के बाद वह हनुमानगढ़ी भी जाएंगे। इस दौरान



अखिलेश यादव साधु-संतों और महंतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेंगे। पवन पांडे ने बताया कि सपा प्रमुख संतों के साथ प्रसाद भी ग्रहण करेंगे। पूर्व मंत्री पवन पांडे ने बताया कि अखिलेश यादव अयोध्या प्रवास के दौरान साधु-संतों और महंतों से भी मुलाकात करेंगे। वह अलग-अलग मठों में जाकर संतों का आशीर्वाद ले सकते हैं और उनके साथ प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस तरह उनका पूरा दिन धार्मिक कार्यक्रमों के बीच बीतेगा। पवन पांडे ने बातचीत में राम मंदिर में चोरी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव रामलला और हनुमान जी से प्रार्थना करेंगे। साथ ही मंदिर में चोरी करने वालों के खिलाफ न्याय की विनती करेंगे। 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा, जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन करेंगे। इससे पहले भाजपा के नेता रामलला के दर्शन नहीं करने को लेकर अखिलेश यादव पर लगातार निशाना साधते रहे हैं। ऐसे में 12 दिसंबर को प्रस्तावित उनका अयोध्या दौरा सियासी लिहाज से भी चर्चा में रहेगा।

हिम्मत है तो मेरी छाती पर बुलडोजर चलाओ

अभिषेक के आवास पर हमले से भड़कीं ममता बनर्जी

कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास के बाहर शुक्रवार रात हुए हिंसक टकराव के बाद शनिवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने इस घटना को लेकर भाजपा और कालीघाट पुलिस को कठघरे में खड़ा किया।

साथ ही अपने आवास पर होने वाली कालीपूजा में लोगों के पहुंचने का रास्ता रोकने के लिए सड़क के मोड़ पर नई पूजा आयोजित करने और उसे कथित तौर पर अवैध अनुमति देने का आरोप लगाया।



ममता ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, हिम्मत है तो मेरी छाती पर बुलडोजर चलाओ। शुक्रवार रात अभिषेक के समर्थकों और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते धक्कामुक्की, ईंटबाजी और हिंसक संघर्ष में बदल गई। अभिषेक ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थकों ने उनके कार्यालय में भी तोड़फोड़ की और कील लगे डंडों से हमला किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज कर दोनों पक्षों को तितर-बितर करना पड़ा। घटना के विरोध में अभिषेक ने रात में अपने आवास के सामने धरना भी दिया। शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस के हस्तक्षेप के बाद वह घर के भीतर गए। घटनास्थल पर पहुंचीं ममता ने रात तीन बजे हमला किए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब लोग सो रहे थे, तब उपद्रवियों को लेकर हमला क्यों किया गया? उन्होंने कालीघाट थाने के प्रभारी बलाइ बाग के व्यवहार और कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया कि अभिषेक की शिकायत पर थाना प्रभारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

ममता ने कहा, सरकार का समर्थन कीजिए, लेकिन निष्पक्षता बनाए रखिए। मैं जानती हूं कि सरकार के अधीन पुलिस कैसे काम करती है। सीमा पार हुई तो कुछ फर्क पड़ेगा। मैं खुद सुप्रीम कोर्ट जाकर खड़ी हो जाऊंगी।

थाना प्रभारी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी शक्तियों और पदोन्नति के बारे में वह सब जानती हैं। साथ ही चेतावनी दी कि जनाक्रोश का विस्फोट होने पर उसे रोकना मुश्किल होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके घर की पूजा में लोगों को आने से रोकने के उद्देश्य से सड़क के मोड़ पर नई पूजा कराई जा रही है, जबकि इसकी अनुमति भी कथित तौर पर अवैध तरीके से दी गई है। उन्होंने पुलिस से रास्ता खुला रखने और पूजा में बाधा नहीं आने देने की मांग की। ममता ने महिलाओं से अपने इलाके से लेकर पूरे राज्य तक अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील भी की।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

कुमार सानू ने सा रे गा मा पा के प्रतिभागी दुर्गेश यादव के परिवार को टीवी देने का किया वादा



बॉलीवुड के जानेमाने गायक कुमार सानू ने जी टीवी के संगीत रियलिटी शो सा रे गा मा पा 2026 के प्रतिभागी दुर्गेश यादव के परिवार को टीवी देने का वादा किया है, ताकि उनके माता-पिता घर पर बैठकर बेटे की गायकी देख सकें।शो के आगामी दिवाली विशेष एपिसोड में दुर्गेश के गुरु पंडित गिरिजाशंकर त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित होंगे। दुर्गेश लंबे समय से अपने गुरु को शो में बुलाकर उनका आशीर्वाद लेना चाहते थे। उनकी इस इच्छा को पूरा करने के लिए शो की टीम ने उनके गुरु को सेट पर आमंत्रित कर उन्हें सरप्राइज दिया। इस दौरान बातचीत में पता चला कि उत्तर प्रदेश के मऊ के रहने वाले दुर्गेश का परिवार खेती पर निर्भर है और उनके घर में टेलीविजन भी नहीं है। यह जानकर कुमार सानू ने उनके परिवार को टीवी देने की घोषणा की। कुमार सानू ने कहा, मेरी तरफ से आज ही आपके घर एक टीवी भिजवाया जाएगा, ताकि आपके माता-पिता घर पर साथ बैठकर शो में आपकी प्रस्तुति देख सकें। दिवाली विशेष एपिसोड में संगीत प्रस्तुतियों, जुगलबंदी और मनोरंजक गतिविधियों के साथ त्योहार मनाया जाएगा। शो के मेजबान श्रेयस तलपड़े भी इस दौरान कलाकारों और प्रतिभागियों के साथ मस्ती करते नजर आएंगे। सा रे गा मा पा 2026 का प्रसारण प्रत्येक शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे जी टीवी और हिंदी जी5 पर किया जाता है।

72 वर्ष के हुये कमल हासन

जाने-माने अभिनेता और फिल्मकार कमल हासन आज 72 के हो गये।कमल हासन का जन्म 07 नवंबर 1954 को तमिलनाडु के परमकुडी में हुआ था। उनके पिता चाहते थे कि उनके तीन बच्चों में कम से कम एक बच्चा अभिनेता बने। अपनी इसी चाहत को पूरा करने के लिये उन्होंने कमल हासन को अभिनेता बनाने का निश्चय किया ।कमल हासन ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार 1960 में प्रदर्शित फिल्म कलाथुर कनम्मा से की। 1977 में प्रदर्शित फिल्म 16 भयानिथनिले की व्यावसायिक सफलता के बाद कमल हसन स्टार कलाकार बन गये। 1981 में कमल हसन ने हिंदी फिल्मों की ओर भी अपना रूख कर लिया और निर्माता एल. प्रसाद की फिल्म एक दूजे के लिये में अभिनय किया। 1982 में कमल हसन की एक और सुपरहिट तमिल फिल्म मुंदरम पिरई रिलीज हुयी जिसके लिये वह अपने सिने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किये गये। बाद में 1983 में सदमा शीर्षक से यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई। 1985 में कमल हासन को रमेश सिप्पी की फिल्म सागर में ऋषि कपूर और डिंपल कपाडिया के साथ कामकरने का अवसर मिला। आर. डी. बर्मन के सुपरहिट संगीत और अच्छी पटकथा के बावजूद यह फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी लेकिन कमल हसन के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। इस फिल्म में अपने दमदारअभिनय के कमल हासन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गये।



1985 में कमल हासन की एक और सुपरहिट फिल्म गिरफ्तार प्रदर्शित हुयी। जिसमें उन्हें सुपरस्टार इमिताभ बच्चन के साथ काम करने का अवसर मिला। 1987 कमल हासन के सिने करियर का अहम साबित हुआ। इस उन्होंने एक मूक फिल्म पुष्पक में सशक्त अभिनय से दर्शकों को अचंभित कर दिया। 1987 में ही कमल हासन को मणिरत्नम की फिल्म नायकन में भी काम करने का मौका मिला। फिल्म में वेलु नायकर केकिरदार को कमल हसन ने जीवंत कर अपना नाम भारत के महान अभिनेताओं में शुमार करा दिया। कमल हासन नायकन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजे गये ।

1990 में प्रदर्शित फिल्म अप्पू राजा में कमल हसन ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म में यूं तो उन्होंने तीन अलग अलग भूमिकाए कीं लेकिन ऊंची कद काठी के रहते हुये भी उन्होंने जिस तरह तीन फुट के बौने के रूप में अपने आप को ढ़ालकर कर दर्शकों अचंभित कर दिया। 1996 में कमल हासन के सिने कैरियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म इंडियन प्रदर्शित हुयी। एस .शंकर के निर्देशन में बनी फिल्म में उन्होंने दोहरे किरदार को रूपहले पर्दे पर साकार किया। फिल्म में दमदार अभिनय के लिये कमल हासन अपने करियर में तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किये गये।

1998 में कमल हासन ने हिंदी फिल्मों में निर्देशन के क्षेत्र में भी कदम रख दिया और चाची 420 में अभिनय के साथ निर्देशन भी किया। उन्होंने चार दशक लंबे सिने करियर में अब तक लगभग 200 फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके है। हिंदी फिल्मों के अलावा उन्होंने तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कमल हसन ने न केवल अभिनय की प्रतिभा से बल्कि गायकी, निर्माण, निर्देशन, पटकथा लेखक, गीतकार नृत्य निर्देशन, पटकथा और गीत लेखन तथा नृत्य निर्देशन से भी सिने प्रेमियों को अपना दीवाना बनाया है।

1981 में कमल हासन ने निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया और राजा पारवई का निर्माण किया। इसके बाद उन्होंने अपूर्व सहोदरगल 1989, थेवर मगन 1992, चाची 420 1998, हे राम 2000 और मुंबई एक्सप्रेस 2005 का भी निर्माण किया। कमल हसन ने कई फिल्मों की कहानी भी लिखी है। इनमें विरासत 1997 और बीबी नंबर वन 1999 प्रमुख है।

मम्मूटी के साथ काम कर बेहद खुश हैं साई पल्लवी



अभिनेत्री साई पल्लवी ने फिल्म ओमन्चैप्टर 1 - उधिरम द ब्लड वुड के ऑडियो लॉन्च समारोह में दिग्गज अभिनेता मम्मूट्टी के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके साथ काम करना उनके लिए बेहद खास रहा।साई पल्लवी ने कहा कि पहले वह मम्मूट्टी का नाम लिया करती थीं और अब उनके साथ काम कर रही हैं। शायद उन्होंने खुद ही इस सपने को साकार कर लिया। फिल्म के भव्य ऑडियो लॉन्च समारोह में धनुष, मम्मूट्टी, साई पल्लवी, श्रीलीला, निर्देशक राजकुमार पेरियासामी, निर्माता श्रद्धा अग्रवाल और संगीतकार साई अभ्यंकर मौजूद रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे। साई पल्लवी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र होने के बावजूद उन्होंने सेट पर मम्मूट्टी से यादा ऊर्जावान अभिनेता नहीं देखा। वह बिल्कुल बचों की तरह उत्साहित रहते हैं और कैमरा चालू होने से पहले भी अपने खास अंदाज में हाव-भाव व्यक्त करते रहते हैं। उनके साथ काम करना उनके लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। इस अवसर पर निर्माता श्रद्धा अग्रवाल ने कहा कि आरटेक स्टूडियोज के बैनर तले बनी उनकी फिल्मों का चेन्नई से हमेशा खास जुड़ाव रहा है। ओम के साथ इस रिश्ते को और बड़े स्तर पर ले जाया जा रहा है। यह अब तक की उनकी सबसे बड़ी फिल्म है। उन्होंने धनुष के साथ काम करने के अनुभव को खूबसूरत बताया और निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना की। श्रद्धा अग्रवाल ने कहा कि फिल्म को लेकर दर्शकों ने अब तक जो प्यार और उत्साह दिखाया है, वह उनके लिए बहुत मायने रखता है। उन्हें उम्मीद है कि 20 नवंबर को फिल्म के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के बाद दर्शकों का यह प्यार और बढ़ेगा।

करोड़ों की लागत से बने पुल के आसपास खाली भूमि पर मुरम का भंडारण, पुल के हिस्से को भी मिट्टी से पाटने का आरोप

सिवनी। स्वतंत्र मत। जिला मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर नागपुर रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ग्राम पंचायत बोरदई क्षेत्र के जोड़ा पुल के आसपास मुरम के भंडारण और पुल को मुरम से पाटे जाने का मामला सामने आया है।

पुल के पश्चिम दिशा में सड़क से लगी खाली भूमि पर बड़े पैमाने पर मुरम जमा की गई है। वहीं, पुल के हिस्से में भी मुरम भर दिए जाने से बारिश के पानी की निकासी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

गौरतलब है कि करोड़ों रुपये की लागत से हाल ही में इस पुल का निर्माण कराया गया है। इसके



बावजूद पुल के आसपास इस तरह मुरम का भंडारण और भराव किया जाना भविष्य में परेशानी का कारण बन सकता है। स्थानीय स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि यदि पुल के प्राकृतिक जल निकासी मार्ग को बाधित किया गया तो बारिश के दौरान पानी की निकासी प्रभावित हो सकती है। इससे आसपास के निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित होने का खतरा बना रहेगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोड़ा पुल के मरझोर की ओर दोनों तरफ मोक्षधाम की भूमि भी स्थित रही है। ऐसे में पुल के आसपास की खाली भूमि पर किए जा रहे मुरम के भंडारण और भराव की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए सीमांकन कराया जाना जरूरी है।

दीपावली के बाद होगा सीमांकन

इस संबंध में हल्का पटवारी पवन चौधरी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद संबंधित भूमि का सीमांकन कराया जाएगा। अब सवाल यह है कि सीमांकन होने तक पुल के आसपास मुरम का भंडारण और भराव जारी रहता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

समय रहते संबंधित राजस्व एवं निर्माण विभाग द्वारा स्थल का निरीक्षण कर भूमि की वास्तविक स्थिति, मुरम भंडारण की वैधता और पुल की जल निकासी व्यवस्था की जांच की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में बारिश के दौरान निचले क्षेत्रों के रहवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

सामाजिक सरोकारों के प्रति एसबीआई की पहल, 14 छात्राओं को साइकिल एवं कन्या महाविद्यालय को मिले 2 इंसीनरेटर

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर उपयोगी पहल की जा रही है।



इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के सौजन्य से सिवनी मुख्य शाखा द्वारा शासकीय विद्यालय की 14 छात्राओं को साइकिल तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय, सिवनी को 2 सैनिटरी नैपकिन इंसीनरेटर प्रदान किए गए।

कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने छात्राओं को साइकिल तथा कन्या महाविद्यालय को इंसीनरेटर प्रदान किए। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और उनकी नियमित उपस्थिति में भी सहूलियत मिलेगी। वहीं महाविद्यालय में उपलब्ध कराए गए इंसीनरेटर छात्राओं के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयोगी रहेंगे।

शिक्षा और महिला स्वास्थ्य से जुड़ी पहल की सराहना

कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने भारतीय स्टेट बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयास समाज के लिए उपयोगी हैं। उन्होंने जनहित से जुड़े ऐसे प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक, सिवनी मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री शशिकांत कलसुले, लीड बैंक अधिकारी श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्य, संबंधित शासकीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक विकास से जुड़े क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सिवनी में की गई यह पहल भी इसी सामाजिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें- कलेक्टर

शैक्षणिक संस्थानों के आसपास संचालित पान मसाला दुकानों को 3 दिवस में हटाने के निर्देश

भारत सरकार की मंशानुरूप वर्ष 2028 तक भारत को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर) समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, अपर कलेक्टर श्री नीलमणि अग्निहोत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा सहित विद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशामुक्ति अभियान को गति देने के संबंध में विभागवार कार्रवाई एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने सभी विद्यालय-महाविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास संचालित पान मसाला दुकानों तथा अवैध एवं प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय की जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को शैक्षणिक संस्थानों के आसपास संचालित ऐसी दुकानों को 3 दिवस के भीतर हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संयुक्त दल बनाकर करें सतत निगरानी

कलेक्टर ने कहा कि जिले में नशीले



पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित विभाग संयुक्त दल बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें। नशामुक्ति के लिए जनजागरूकता अभियान चलाते हुए विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाए। उन्होंने अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस बल के साथ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नशीले पदार्थों की उपलब्धता, अवैध बिक्री, परिवहन एवं उपयोग की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

दवा दुकानों की नियमित जांच के निर्देश

कलेक्टर ने औषधि निरीक्षक को जिले की दवा दुकानों का नियमित एवं सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रतिबंधित दवाओं एवं सिरप की जानकारी नशामुक्ति दल के साथ साझा करने तथा आवश्यकतानुसार प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान दवा दुकानों के संचालन, उपलब्ध दवाइयों, उनके रख-रखाव एवं विक्रय प्रक्रिया की जांच करने तथा ऐसी दवाइयों की बिक्री एवं उपलब्धता पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया, जिनका दुरुपयोग नशे के लिए किया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अवैध शराब के कारोबार पर भी कार्रवाई

आबकारी विभाग को जिले में अवैध रूप से शराब के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अवैध शराब के कारोबार से जुड़े संभावित क्षेत्रों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा शराब दुकानों के आसपास संचालित अनधिकृत आहातों को हटाने की कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही ऐसे स्थलों को चिह्नित कर नियमित निरीक्षण तथा आवश्यक प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने पर जोर

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को नशामुक्ति अभियान को व्यापक रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता कार्यक्रम सहित अन्य प्रभावी गतिविधियों के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि छात्रों को नशे से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

शिक्षक, पालक एवं अभिभावक अपने बच्चों से निरंतर संवाद एवं काउंसलिंग करते हुए उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराएं। उन्होंने प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ जनजागरूकता एवं नशामुक्ति गतिविधियों को भी प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

युवाओं की सद्बुद्धि और नशामुक्ति का संदेश लेकर गंगोत्री से रामेश्वरम तक कांवड़ यात्रा

17 वर्षों से लगातार कर रहे यात्रा, 7 लीटर गंगाजल लेकर प्रतिदिन तय कर रहे 20 से 25 किलोमीटर का सफर



सिवनी। स्वतंत्र मत। युवाओं को नशे की लत से दूर रखने, खानपान में सुधार और सद्बुद्धि का संदेश देने के उद्देश्य से दिल्ली निवासी कुलदीप यादव (45 वर्ष), पिता रतनलाल यादव, गंगोत्री के गोमुख से रामेश्वरम तक लगभग 4400 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा पर निकले हैं।

वे अपने साथ सात लीटर गंगाजल लेकर पैदल यात्रा कर रहे हैं। इस धार्मिक एवं जनजागरूकता यात्रा का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। कुलदीप यादव ने बताया कि वे पिछले 17 वर्षों से लगातार इस तरह की यात्राएं कर रहे हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने गंगोत्री से बागेश्वर धाम तक तथा वर्ष 2025 में गंगोत्री से काशी-बनारस तक यात्रा की थी। इस वर्ष उन्होंने गंगोत्री से रामेश्वरम तक यात्रा का संकल्प लिया है।

उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान प्रतिदिन लगभग 20 से 25 किलोमीटर का सफर तय कर रहे हैं। उनकी इस यात्रा के पीछे धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक उद्देश्य भी जुड़ा है। वे चाहते हैं कि युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति कम हो और वे अपने खानपान तथा जीवनशैली में सुधार लाकर बेहतर जीवन की ओर आगे बढ़ें। यात्रा के दौरान शुक्रवार सुबह उन्होंने गोपालगंज स्थित गंगा तट हनुमान घाट से प्रस्थान किया। इसके बाद वे कुरई पहुंचे, जहां गायत्री मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार सुबह यहां से रामेश्वरम की ओर अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करेंगे। उनकी इस अनूठी यात्रा को देखकर क्षेत्र के लोगों में भी उत्सुकता बनी हुई है।

वृद्धजनों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां वितरित

सिवनी,वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना (ङ्कङ्कङ्क) एवं राज्य कार्ययोजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले के वृद्धाश्रमों में 03 से 07 नवंबर 2026 तक विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती अंजु अरुण कुमार के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजलि शाह के मार्गदर्शन तथा प्रभारी उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री अभिषेक जैन के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 06 नवंबर को 'समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण' के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के सर्वांगीण स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ आश्रम, सिवनी एवं सहारा वृद्धाश्रम, सिवनी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।



बिना मंडी अनुज्ञा पत्र के मक्का का परिवहन करते पकड़ा गया वाहन

82 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया

बालाघाट।

कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के उड़नदस्ता दल ने अवैध रूप से कृषि उपज का परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 303 क्विंटल मक्का से भरे एक वाहन को पकड़ा है। वाहन से मंडी शुल्क, समझौता शुल्क एवं निराश्रित शुल्क सहित कुल 82 हजार 342 रुपये की राशि वसूल की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंडी समिति के भारसाधक अधिकारी गोपाल सोनी एवं लांजी एसडीएम श्री आदित्य नारायण तिवारी के मार्गदर्शन में उपमंडी लांजी के उड़नदस्ता दल द्वारा 5 नवंबर की रात्रि में क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान रिसेवाड़ा बॉर्डर पर वाहन को बिना मंडी अनुज्ञा पत्र के मक्का का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में वाहन में 303 क्विंटल मक्का का परिवहन कुडारी (घंसौर), जिला सिवनी से रायपुर (छत्तीसगढ़) किया जाना पाया गया। वाहन मेसर्स साहू ब्रदर्स, कुडारी (घंसौर) का बताया गया है। मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) के उल्लंघन पर मंडी प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पांच गुना मंडी शुल्क के रूप में 68 हजार 243 रुपये, समझौता शुल्क 5 हजार रुपये तथा निराश्रित शुल्क 9 हजार 99 रुपये सहित कुल 82 हजार 342 रुपये की राशि वसूल की गई। इस कार्रवाई में मंडी निरीक्षक विनोद बंसोड़, वासुदेव बढ़ई एवं मनोज पटले शामिल रहे। मंडी प्रशासन ने कृषि उपज का परिवहन करने वाले व्यापारियों एवं संबंधित फर्मों से नियमानुसार मंडी अनुज्ञा पत्र लेकर ही परिवहन करने की अपेक्षा की है।

वारासिवनी पटाखा बाजार का एसडीएम ने किया निरीक्षण

सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने पर 7 दुकानदारों को नोटिस

बालाघाट। दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वारासिवनी एसडीएम श्रीश प्यासी ने बीती रात्रि पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ थाना प्रभारी (टीआई) श्री अनूप उइके एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सूर्य प्रकाश उके भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पटाखा विक्रेताओं की दुकानों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी विक्रेताओं



को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में 07 पटाखा विक्रेताओं द्वारा नियमों के अनुरूप दुकान का संचालन नहीं करने तथा आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाना पाया गया। इस पर संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी कर तत्काल सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम प्यासी ने पटाखा विक्रेताओं को स्पष्ट चेतावनी दी कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी दुकानदार निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित पटाखा दुकानों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पटाखा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

धान उपार्जन के लिए 1.30 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन

बालाघाट। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बालाघाट जिले में किसानों के पंजीयन का आंकड़ा पिछले वर्ष से आगे निकल गया है। इस वर्ष अब तक जिले के 1 लाख 30 हजार 743 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है, जबकि गत वर्ष 1 लाख 30 हजार 347 किसानों ने पंजीयन कराया था। शेष रह गए किसानों को राहत देते हुए शासन ने पंजीयन के लिए 11 नवंबर अंतिम तिथि निर्धारित की है। इसके लिए उपार्जन पोर्टल पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी संत कुमार भलावी ने बताया कि इस वर्ष अब तक गत वर्ष की तुलना में 396 अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है। जिले में अधिक से अधिक पात्र किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का अवसर देने के उद्देश्य से शेष किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हो पाया है, वे 11 नवंबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। जिले में तहसीलवार पंजीयन की स्थिति के अनुसार बालाघाट तहसील में 19 हजार 86, खैरलांजी में 16 हजार 468, वारासिवनी में 15 हजार 360, किरनापुर में 14 हजार 236, बालाघाट में 13 हजार 876, लांजी में 13 हजार 171, कटंगी में 10 हजार 281, बिरसा में 9 हजार 850, परसवाड़ा में 7 हजार 391, तिरोड़ी में 5 हजार 957 तथा बैहर तहसील में 5 हजार 67 किसानों का पंजीयन किया गया है।

11 नवंबर के बाद बन सकेंगी नवीन एग्रीस्टैक आईडी

बालाघाट। ऐसे किसान जिन्होंने अभी तक एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपनी आईडी नहीं बनवाई है, उनके लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। ई-विकास पोर्टल के माध्यम से नवीन एग्रीस्टैक आईडी बनाने का कार्य फिलहाल भारत सरकार द्वारा रोक दिया गया है। पोर्टल के संधारण एवं रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण नवीन आईडी बनाने की सुविधा अस्थायी रूप से बंद है। यह सुविधा 11 नवंबर के बाद पुनः शुरू होने की संभावना है। उप संचालक ने बताया कि जिन किसानों के पास वर्तमान में एग्रीस्टैक आईडी उपलब्ध नहीं है और उन्हें खाद की आवश्यकता है, वे परेशान न हों।

सीएमएचओ डॉ. दाहिया ने भंडेरी एवं उकवा स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

बालाघाट।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शत्रुघ्न सिंह दाहिया ने 07 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंडेरी एवं उकवा का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपचार के लिए पहुंचे मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उकवा स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने क्षेत्र की एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की बैठक लेकर बच्चों के नियमित टीकाकरण, गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की।



सीएमएचओ डॉ. दाहिया ने स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित रहें और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने बच्चों एवं गर्भवती माताओं के टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने तथा चिन्हित कुपोषित बच्चों के उपचार एवं स्वास्थ्य में सुधार की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

धनतेरस : एक दिन में करोड़ों का कारोबार







रात 12 बजे होती रही खरीददारी, बर्तन, सराफा, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिस और आटोमोबाइल्स सेंटर में जमकर खरीदी

दीपावली पर जलेंगे खुशियों के दीप

कटनी (स्वतंत्रमत)।

धनतेरस पर सालों बाद शुक्रवार को लोगों ने जमकर खरीदारी की। आर्थिक मंदी और लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद रात 12 बजे तक बाजार गुलजार रहा। सराफा और बर्तन बाजार में शाम होते ही खरीदारी शुरू हो गई तो वहीं दुपहिया वाहनों की एजेंसियों, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रानिस दुकानों में दिन भर मेले जैसा माहौल रहा। लोगों ने अपनी पसंद और जरूरत के मुताबिक सामान खरीदकर पर्व पर सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन किया। शहर के मुख्य मार्गों में स्थिति यह रही कि गांधी द्वार से लेकर सुभाष चौक, मेन रोड और कपड़ा बाजार, झंडा बाजार में खरीददारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान जाम के नजारे भी आम हुए, हालांकि पुलिस प्रशासन ने पूरे समय मुख्य मार्गों पर गश्त करते हुए व्यवस्थाओं को बनाने का प्रयास किया। दीपावली के पहले धनतेरस के अवसर पर पर कुछ न कुछ खरीदने की परंपरा का इस बार भी निर्वहन किया गया। इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिस, व्हीकल के साथ आटोमोबाइल्स सेंटर में भी चांदी रही। लोगों ने सोने-चांदी के आभूषण व बर्तनों की खरीदारी की, वहीं पूजन के लिए लक्ष्मी और गणेश प्रतिमाओं की खरीदी हुई। सजावटी सामान भी जमकर बिका। धनतेरस पर शुक्रवार को बाजार में खासा उत्साह नजर आया। धनतेरस पर अच्छी खरीदारी होने से व्यापारियों के भी चेहरे खिल उठे। सराफा व्यापारियों ने बताया कि लोगों ने पसंदीदा आभूषण खरीदे। नए वाहन भी खरीदे गए। सभी सेंटर में 40 से 50 करोड़ के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है।

महंगाई का असर, फिर भी उत्साह

धनतेरस के बाद आज नरक चतुर्दशी का पर्व मनाया जा रहा है। धनतेरस के दिन बाजार में भारी भीड़ देखी गई। जिले में स्थित सभी बाजारों में जमकर खरीदारी हुई। सराफा कारोबारियों ने कहा कि महंगाई की वजह से व्यापार में आंशिक असर देखा गया। बाजार में भीड़ रही लेकिन ग्राहकी कम ही हुई। कुछ चुनिंदा जेव्लर्स में जरूर उदा ग्राहकी देखी गई। नामचीन प्रतिष्ठानों सहित विभिन्न स्टालों पर नई वेराइटी की सामग्रियों ग्राहकों के लिये उपलब्ध रहीं। आभूषण एवं बर्तन दुकानों में ग्राहक दिन भर खरीदी करते नजर आयें। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न इलाकों में स्थित आभूषण दुकानों पर खरीदी ज्यादा हुई।

दुपहिया वाहनों की सबसे ज्यादा खरीदी

धनतेरस के इस अवसर पर दुपहिया वाहनों की सबसे ज्यादा खरीदी हुई। जिले भर के प्रतिष्ठान चाहे वह आभूषण प्रतिष्ठान हों या दुपहिया व चार पहिया वाहनों के प्रतिष्ठान उन्हें पूरी तरह से सजा संवारकर ग्राहकों के खरीदी के लिये तैयार किया गया था, लेकिन औसतन देखने में यह आया कि आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रानिस उपकरण और दुपहिया, चार पहिया वाहनों की खरीदी के अलावा झाड़ू, लाई बताशा और साज सज्जा के लिए माला मूर्तियां सीनरी की दुकानें में भीड़ लगी रही। बिक्री के लिहाज से आटोमोबाइल सेंटर यानी वाहनों का बाजार आगे रहा।

ज्वेलरी की हुई खूब बिक्री

लोग इस दिन लक्ष्मी जी और कुबेर जी की भी पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस दिन लक्ष्मी, कुबेर जी की पूजा करने से मनुष्य को कभी धन वैभव की कमी नहीं होती। इस दिन खरीदारी करना शुभ माना जाता है। इस दिन विशेषकर बर्तनों और गहनों चांदी के लक्ष्मी गणेश जी की मूर्ति, कुबेर जी की प्रतिमा, लक्ष्मी या श्री यंत्र चीजें खरीदना शुभ माना जाता है। श्री राम जेव्लर्स के संचालक आशीष सोनी का कहना है कि महंगाई के बावजूद लोगों ने अपनी जरूरतों के अनुसार खरीदी की। व्यापार में भरोसा ज्यादा मायने रखता है और हमने लोगों का भरोसा जीता है। तिरूमाला जेव्लर्स के संचालक आशीष जायसवाल का कहना है कि बाजार में रौनक है। धातुओं में महंगाई का असर होने के बाबजूद ग्राहकी बनी हुई हैं, इसका सबसे बड़ा कारण है क्वालिटी और विश्वास लोग आजकल वही खरीददारी करते है, जहां उन्हें विश्वास होता है।

दीपावली, शुभ मुहूर्त में होगा लक्ष्मी-गणेश का पूजन

धनतेरस और रूप चतुर्दशी के बाद अब रविवार को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। घरों के साथ दुकानों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त में धन की देवी लक्ष्मी और बुद्धि के देवता भगवान श्री गणेश का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगा। घर-घर दीप जलेंगे। दीपों की रोशनी से सारा आंगन जमगम होगा। इसके बाद आतिशबाजी का सिलसिला शुरू होगा, जो देर रात तक चलता रहेगा। आतिशबाजी को लेकर बच्चों में ज्यादा उत्साह रहता है। दीपावली पर दीपक पूजन करने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इस दिन लक्ष्मी पूजा से पहले कलश, भगवान गणेश, विष्णु, इंद्र, कुबेर और देवी सरस्वती की पूजा की परंपरा है। दीपावली पर्व के दूसरे दिन परीबा और तीसरे दिन भाईदूज का पर्व मनाया जाएगा।



धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा एवं बाजार व्यवस्था का जायजा लेने एसपी कटनी ने किया पैदल भ्रमण

दुकानदारों एवं आम नागरिकों से किया संवाद

कटनी (स्वतंत्रमत)। धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने कोतवाली एवं माधवनगर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने थाना तिराहा, झंडा बाजार, सर्राफा बाजार, सुभाष चौक, तांगा स्टैंड, इमलिया फटाका बाजार, एवं माधवनगर बाजार सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं आम नागरिकों की सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी भी ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वकर्मा ने स्थानीय मिट्टी के दीये खरीदकर स्वदेशी उत्पादों एवं छोटे दुकानदारों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से भी दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों एवं छोटे व्यापारियों से मिट्टी के दीये खरीदने तथा उनके रोजगार को बढ़ावा देने की अपील की।

सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश-पुलिस अधीक्षक ने बाजारों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान बाजारों में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस की प्रभावी मौजूदगी सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों एवं व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

आतिशबाजी के मद्देनजर अग्नि सुरक्षा की विशेष तैयारी-दीपावली के दौरान आतिशबाजी एवं आगजनी की संभावित घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में बाजारों की संकरी गलियों में अग्निशमन वाहन की पहुंच, त्वरित प्रतिक्रिया एवं आग पर नियंत्रण की कार्यप्रणाली को परखने के लिए फायर ब्रिगेड के साथ क्रिक रिस्पॉन्स एवं फायर कंट्रोल का रिहर्सल किया गया। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई कर जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्योहार के दौरान सतर्क रहकर समन्वय के साथ कार्य करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली राखी पांडे एवं यातायात प्रभारी सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



धनतेरस के पावन पर्व पर कमनिया गेट बजरंगबली मंदिर मे भंडारा, प्रसाद वितरण कराया गया

कटनी (स्वतंत्रमत)। कार्यक्रम के शुरुआत मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने हनुमान जी के दर्शन कर भंडारा, प्रसाद वितरण की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन आदित्य जैन, लाभान्स जैन गोलू, रतिक जैन, मेहुल जैन के मित्र मंडली मे अमन लालावानी, वरुण सोनी, हर्ष श्रीवास्तव, जतिन ठाकुर, नमन बजाज, युवराज गुप्ता, रोशन वासानी, श्रीयांस माहेश्वरी, रोहण रामखयानी सिद्धांर्थ ठारवानी नारायण साहू आदि ने किया। जहां सैंकड़ो लोगों ने प्रसाद पाया। इस अवसर पर कक्का जैन ने नगरवासियो को धनतेरस की बधाई दी।

थाना एनकेजे पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बडी कार्यवाही

75 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अवैध शराब बेचने वालो पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे अति पुलिस अधीक्षक कमल मोर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी एनकेजे उपनिरी. रुपेन्द्र राजपूत द्वारा टीम गठित कर कार्यवाही की गई। घटना विवरण- दिनांक 4 नवम्बर को थाना एनकेजे स्टाफको मुखविर सूचना प्राप्त हुयी की ग्राम ठरका टैंक के पास सिघनपुरी हार मे एक व्यक्ति बड़ी मात्रा मे अवैध महुआ शराब रखे बैचने के लिये ग्राहको के इंतजार में है की सूचना पर तस्दीक हेतु थाना एनकेजे का स्टाफ मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचने पर जहा पर एक व्यक्ति मिला जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया एवं उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम कल्लू लुनिया पिता चूड़ामन उम्र 48 साल निवासी गुबराधरी थाना एनकेजे का होना बताया जिसके कब्जे से 5 प्लास्टिक के डिब्बा के 15 लीटर के गुम्मा मे रखी शराब के संबंध मे शराब रखने के वैध दस्तावेज व लायसेस पूछा गया जो कोई दस्तावेज का होना नही बताया। तब समक्ष गवाहान आरोपी के कब्जे से 5 प्लास्टिक के 15 लीटर के गुम्मा जिनमे 75 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 15000 रुपये की मौके से विधिवत जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया जो न्यायालय के आदेश से न्यायिक हिरासत मे जिला कटनी जेल भेजा गया।



जिले में 49 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के चयन की प्रक्रिया 16 नवम्बर से होगी शुरू

एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से होगी पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध ऑनलाइन चयन प्रक्रियापांच वर्ष बाद हो रहा है ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं का चयन



कटनी (स्वतंत्रमत)। जिले में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 49 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के पद के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल पर 16 नवंबर से आवेदन किए जा सकेंगे। लगभग पांच वर्ष बाद ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर ने बताया कि 49 पदों में से विकासखंड बड़वारा के लिए 7, विजयराघवगढ़ में 12, ढ़ीमरखेड़ा में 8, ग्रामीण आशा कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं। इसी प्रकार विकासखंड बहोरीबंद के लिए 11, मुड़वारा विकासखंड के लिए 7 और विकासखंड रीठी के लिए 4 ग्रामीण आशा कार्यकर्त्ता के पद रिक्त है। इनसे सम्बंधित विस्तृत जानकारी सीएमएचओ कार्यालय कटनी और सम्बंधित विकासखंड के बीएमओ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने के लिए एमपी ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिलाएं 16 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगी। चयन के लिए केवल ऑनलाइन प्राप्त आवेदन ही मान्य होंगे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की निगरानी में होगा चयन

ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं के चयन की संपूर्ण कार्यवाही जिला स्तर से की जाएगी। यह प्रक्रिया कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की निगरानी में संपन्न होगी। निर्धारित ग्रामवार संख्या एवं चयन के लिए चिह्नित ग्रामों के अनुसार ही चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

पात्रता

चयन के लिए आवेदिका का संबंधित ग्राम की निवासी एवं विवाहित महिला होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। चयन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं प्राथमिकता संबंधी मापदंडों का पालन किया जाएगा।

16 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे प्राप्त

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इसके बाद 17 से 25 दिसंबर तक प्राप्त आवेदनों को ग्रामसभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ग्रामसभा द्वारा 26 दिसंबर 2026 से 18 जनवरी 2027 तक चयन के लिए प्रस्ताव अनुमोदित कर भेजे जाएंगे। प्राप्त प्रस्तावों पर 19 जनवरी से 5 फरवरी 2027 तक विकासखंड स्तर पर दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इसके उपरांत 6 से 25 फरवरी 2027 तक जिला स्तर पर अपील प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति से अंतिम अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 26 फरवरी से 5 मार्च 2027 तक पूर्ण की जाएगी। समिति के अंतिम अनुमोदन के उपरांत ही चयन आदेश जारी किए जाएंगे। संपूर्ण चयन प्रक्रिया 5 मार्च 2027 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाएगी। चयनित आशा कार्यकर्ताओं की आईडी बनाने के लिए 6 से 20 मार्च 2027 तक आशा पोर्टल के माध्यम से अनुरोध किया जाएगा। चयनित आशा की जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज पोर्टल के माध्यम से राज्य मुख्यालय को भेजे जाएंगे। राज्य स्तर पर दस्तावेजों के सत्यापन एवं अनुमोदन के उपरांत आईडी बनाई जाएगी।

स्वच्छ कटनी की मुहिम : महापौर ने बस स्टैंड सहित अन्य स्थलों का किया औचक निरीक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार को बस स्टैंड सहित अन्य स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान नियमित सफाई, समय पर कचरा उठाव एवं व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बस स्टैंड परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड शहर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल हैए जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। ऐसे में यहां स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखना आवश्यक है।



समझाइश के बाद भी नियम तोड़ने वालों पर करें चालानी कार्रवाई-महापौर ने निर्देशित किया कि दुकानदारों एवं नागरिकों को स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए लगातार समझाइश दी जाए। इसके बावजूद सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फैलाने एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

समय पर कचरा उठाव एवं नियमित नाली सफाई सुनिश्चित करें-महापौर ने बस स्टैंड सहित डॉ. विकास गुप्ता के समीप स्थित गली एवं आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में समय पर कचरा संग्रहण एवं उठाव सुनिश्चित किया जाए तथा नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। साथ ही सार्वजनिक एवं रहवासी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए।

स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी-महापौर ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर कटनी का निर्माण केवल नगर निगम के प्रयासों से नहींए बल्कि नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, स्वच्छता नियमों का पालन करें और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। त्योहारों के इस पावन अवसर पर हमारा प्रयास है कि कटनी का हर कोना साफ, स्वच्छ और सुंदर नजर आए। नगर निगम की पूरी टीम मुस्तैदी से काम कर रही है, लेकिन शहर को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

आइए, इस त्योहार हम सब मिलकर कटनी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें। निरीक्षण के दौरान जय नारायण निषाद, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी निशांत कनौजिया सहित क्षेत्रीय वार्ड दरोगा एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

खुशियों की दिवाली 4 नवंबर 2026

कटनी (स्वतंत्रमत)। सर्वशक्ति महिला सेवा समिति वुमन्स पावर ग्रुप के द्वारा हर साल की तरह इस साल भी जरूरतमंदों के बीच खुशियों की दिवाली मनाई गई इस बार खुशियों की दिवाली मदन मोहन चौबे वार्ड छुल्हा टोला कटनी केंद्र क्रमांक 89 भट्टा मोहल्ला में जरूरतमंद परिवारों एवं अनगिनत बच्चों के बीच में खुशियों की दिवाली मनाई गई। इसमें सर्वप्रथम कटनी की महारानी मां जालपा कालका शारदा माता का दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर उषा पांडे एवं कीर्ति मालवीय संरक्षक ममता तोमर, सुनीता नायक एवं भारती मुडोतिया के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसमें सभी परिवार को अग्रिम दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और उन्हें प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। और यह सभी कार्य सर्वशक्ति महिला सेवा समिति की संस्थापक एवं अध्यक्ष माही तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रुति चौदहा, उपाध्यक्ष चांदनी अग्रवाल, सूचना प्रभारी सोनाली गुप्ता, सोनिया चौरसिया, प्रचार मंत्री निहारिका शर्मा, मीडिया प्रभारी भव्या जसूजा, मनीषा पुरवार, रूपाली शर्मा, रेणुका गुप्ता, प्रिया अग्रवाल, रूबी बर्मन,सविता रजक, माधुरी रजक,व्यवस्था मंत्री संजू रजक, रूपा तिवारी, अर्चना तिवारी, मधु रैकवार, राजकुमारी केवट, प्रीति दीदी, ओजस्व तिवारी, प्रमोद यादव, आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।



दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
उच्च कोटि के विक्रेता
दीवान इंडस्ट्रीज
ग्रेन मर्चेन्ट तथा दाल मिल ओनर
रार्बट लाइन, माधवनगर, कटनी

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
मधुर कोरियर
सर्विस, गुरूनानक वार्ड
हीरागंज कटनी
(प्रो. प्रेम राय, संजय राय)
Happy Diwali

दीपावली पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
नटराज फुड प्रोडक्ट
दावत, बासमती व उच्च कोटी के चावल के निर्माता
लकी ठारवानी
संपर्क करें -
मोबा. 09425157261, फोन नं.- 07622-207261
इमलिया रोड माधवनगर कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
दीपक ब्रेड
माधवनगर कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
होटल इंद्र पैलेस
कचहरी चौराहा, कटनी
483501 (म.प्र.)
फोन -नं. 07622-404232, मो. 9589525525

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
चेतन हिन्दूजा
जिला महामंत्री
भारतीय जनता पार्टी
व्यापारी एवं समाजसेवी जिला- कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
जायसवाल रेस्टोरेंट
शुद्ध शाकाहारी भोजन एवं ठहरने की उत्तम व्यवस्था
पन्ना मोड़ कुठला,जिला-कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
Big City Variety, At Town Price
When you are here, you are family
URVASHI Restaurant
Organizes All type of Parties
Near Collectorate Vishram Baba, Jhinjhri, Katni (M.P.), Ph. 220030
Mob. : 9893179463, 9993472639
Food Express
मिनी चौपाटी
NEW OPENING On Nav Ratri
Mob 9303008257,8516012345,7067777707

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
सेठी बोरवेल्स
नदीपार, कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
मुजफ्फर हुसैन
(चिंटू भाईजान)
समाजसेवी
मिशन चौक कटनी

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
अभिषेक कुमार
समाजसेवी
बरही रोड कटनी

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
अलका रेस्टोरेंट
लजीज व्यंजनों का एकमात्र स्थान
पुराना बस स्टैंड, जिला अस्पताल के पास, जिला-कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
सपना सरावगी
जिलाअध्यक्ष
जिला महिला मोर्चा कटनी

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
निर्भय सिंह
सचिव
मानव जीवन विकास समिति बिजौरी, बड़वारा कटनी, म.प्र.

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
लखन साहू
जिलाध्यक्ष
विश्व हिंदू परिषद कटनी
Happy Diwali

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
अविनाश पाठक
अध्यक्ष
जिला इंटक परिषद
पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य जिला-कटनी (म.प्र.)
Happy Diwali

दीपोत्सव पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
नितिन चौदहा
व्यापारी एवं समाजसेवी
जिला-कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
Shubham road lines
FLEET OWNERS &
TRANSPORT CONTRACTOR
Subhash logisticsSls minerlas
NH 7 REWA ROAD CHAKA
BY PASS KATNI -483501 (M.P)
मो. 7898110480, 9098208309

धनतेरस एवं दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जीतने का जज्बा होना चाहिए, क्योंकि किस्मत बदले न बदले पर समय जरूर बदलता है
डॉ. आनंद पटेल
उपाध्यक्ष
जिला-शहर कांग्रेस कमेटी, कटनी
Happy Diwali

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
मेसर्स श्री श्याम डेव्लपर्स
मेसर्स हरकुलिस माइनिंग एंड मिनरल्स प्रा.लि.
प्रोपा. लकी सचदेवा
ऑफिस- हीरागंज
कटनी (म.प्र.)

दीपावली पर्व पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
होटल कल्प एवं रेस्टोरेंट
बरगवां, जिला-कटनी
KALP
Olive Rooftop Restaurant
ATM

स्वतंत्र मत
जबलपुर

भारत ने दूसरे वनडे में न्यूज़ीलैंड को हराया

बारिश के कारण डीएलएस से फैसला, गुरनूर बरार को 4 विकेट, सीरीज में 2-0 की बढ़त

वेलिंग्टन

तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ (30 रन पर चार विकेट), अंशुल कंबोज, आकिब नबी और अक्षर पटेल (दो-दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद श्रेयस अय्यर (30) और केएल राहुल (नाबाद 26) रनों की पारियों की बदौलत भारत ने वर्षा प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को डीएलएस पद्धति से चार रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से मजबूत बढ़त बना ली है। बराड़ को च्लेयर ऑफ द मैचज्का पुरस्कार मिला। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को जैकब डफी ने शुरुआती झटके दिये। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल(शून्य) और विराट कोहली (सात) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये श्रेयस अय्यर ने रोहित शर्मा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़े। नौवें ओवर में काइल जेमीसन ने रोहित शर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके



और दो छक्के उड़ाते हुए 23 रनों की पारी खेली। इसके बाद अक्षर पटेल (सात) चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। 20वें ओवर में जेमीसन ने श्रेयस अय्यर को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने 46 गेंदों में चार चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 30 रन बनाये।

इसके बाद नमन धीर (12) को साइफर्ट ने बाउंड्री पर लपका। अगले ही ओवर में जेमीसन ने अंशुल कम्बोज (एक) का शिकार कर भारत को सातवां झटका दिया। इसी ओवर के बाद बारिश शुरु हो गई। भारत ने सात विकेट पर 113 रन बना लिये है। उसे जीत के लिए 21 ओवरों में 22 रनों की दरकार थी। इसके बाद खेल दोबारा शुरु नहीं हो सका।डीएलएस के हिसाब से इस समय पार स्कोर 109 रन था और भारत को डीएलएस पद्धति के जरिए चार रनों से जीत दे दी गई।

आज यहां इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को 41 ओवरों में 134 रन के स्कोर पर समेट दिया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड को आकिब नबी ने शुरुआती झटके दिये। उन्होंने पहले ही ओवर में टिम साइफर्ट (शून्य) और फिर पांचवें ओवर में विल यंग (छह) को आउट किया। हेनरी निकोल्स (11) को अंशुल कम्बोज ने बोल्ड आउट किया। 20वें ओवर में बराड़ ने टॉम लेथम (सात) और ग्लेन फिलिप्स (शून्य) का शिकार कर लिया।

134 रनों पर न्यूजीलैंड की पारी कर अंत

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान मिशेल सैंटनर ने डैरिल मिशेल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। 35वें ओवर में अक्षर पटेल ने डैरिल मिशेल (55) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अगले ही ओवर में बराड़ ने सैंटनर (31) का शिकार कर लिया। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे डैरिल मिशेल और सैंटनर के अलावा कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। डैरिल मिशेल ने अपनी 55 रनों की संघर्षपूर्ण पारी में 104 गेंदों का सामना किया और चार चौके तथा दो छक्के उड़ाये। सैंटनर ने 38 गेंदों दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 31 रन बनाये। 39वें ओवर में अक्षर ने काइल जेमीसन (सात) को बोल्ड कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। नेथन स्मिथ (तीन) का बराड़ ने शिकार किया। 41वें ओवर की आखिरी गेंद पर कंबोज ने ब्लेयर टिकनर (दो) को बोल्ड कर 134 रनों पर न्यूजीलैंड की पारी का अंत कर दिया।

जयसवाल ने फिर जड़ा शतक, इंडिया ए का पहले दिन दबदबा

लिंकन। यशस्वी जायवाल (102) और साई सुदर्शन (नाबाद 77) की शानदार पारियों की बदौलत इंडिया ए ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन शनिवार को न्यूजीलैंड ए के खिलाफ दो विकेट पर 227 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। आज यहां न्यूजीलैंड ए ने टॉस जीतकर इंडिया ए को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। मेहमान टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव किए, जिनमें जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा को शामिल किया गया। ऐसा 19 नवंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए किया गया था। तेज गेंदबाजों को पिच से कुछ मदद मिल रही थी, और हालांकि जायसवाल और सुदर्शन ने धीमी शुरुआत की, लेकिन मौका मिलते ही उन्होंने रन बटोरे। खासकर जायसवाल ने कई बार पिच पर आगे बढ़कर गेंदबाजों की स्विंग को बेअसर करने की कोशिश की। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जायसवाल और जबकि साई सुदर्शन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 175 रनों की साझेदारी करके इंडिया ए के दबदबे को साबित किया।

हार्दिक पंड्या की वापसी में फिर देरी

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से भी बाहर, कुणाल करेंगे बड़ौदा की कप्तानी

वडोदरा

हार्दिक पंड्या की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूरी अब घरेलू टी 20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी तक बढ़ गई है। बड़ौदा ने टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम घोषित की है, लेकिन 15 सदस्यीय टीम में हार्दिक का नाम नहीं है। उन्होंने आख़िरी बार 24 मई को आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए मुक़ाबला खेला था। हार्दिक के भाई क्रुणाल पंड्या टीम की कप्तानी करेंगे। हार्दिक को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ़ घरेलू वनडे सीरीज़ के लिए इंडिया ए की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन पिंडली में नई चोट के कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा और उनकी वापसी की योजना को झटका लगा। उस समय क्रिकइंफो को पता चला था कि हार्दिक को गेंदबाज़ी करते हुए दर्द हो रहा था। आईपीएल के बाद से उन्होंने अपना ज़्यादातर समय बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में बिताया है। शुरुआत में वह आईपीएल के दौरान हुई पीठ में ऐंठन की समस्या के लिए वहां थे और इसके बाद पैर में खिंचाव की



परेशानी से जूझे। हार्दिक ने अपना पिछला अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबला आईपीएल से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ टी 20 विश्व कप फ़ाइनल खेला था। भारत फ़िलहाल न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ खेल रहा है। टीम अब दिसंबर में श्रीलंका के ख़िलाफ़ घरेलू मैदान पर टी20 सीरीज़ खेलेगी। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए भारत चाहेगा कि छोटे फ़ॉर्मेट के अपने प्रमुख ऑलराउंडर को तैयारियों के लिए जल्द से जल्द टीम में शामिल किया जाए। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने साफ़ कहा है कि हार्दिक के साथ-साथ जसप्रीत बुमराह भी टीम के लिए बेहद अहम हैं, लेकिन उन्हें विश्व कप के लिए आधी-अधूरी तैयारी के साथ टीम में शामिल करने का सवाल ही नहीं उठता। बड़ौदा की टीम में क्रुणाल के अलावा जितेश शर्मा, दीपक हुड्डा और रसिख सलाम जैसे प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। टीम 14 नवंबर को मुंबई में चंडीगढ़ के ख़िलाफ़ अपना सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी अभियान शुरू करेगी।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शमी ने देर रात सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए अपने टेस्ट क्रिकट से संन्यास लेने की घोषणा की।



शमी ने कहा, टेस्ट क्रिकेट उनके लिए केवल एक प्रारूप नहीं, बल्कि उनकी ज़िंदगी का बेहद खास हिस्सा रहा है। 36 साल के शमी ने नवंबर 2013 में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। उनकी अपनी काबिलियत का परिचय विकेट-टू-विकेट गेंदबाजी करने और अपने शानदार सीम के साथ उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में 118 रन देकर नौ विकेट लिए थे। यही उनका टेस्ट क्रिकेट का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन भी रहा है। शमी ने जून 2023 में इंग्लैंड दौरे पर द ओवल में भारत के लिए अपना आख़िरी टेस्ट खेला था। इस प्रारूप में उनके नाम 64 मैचों में 229 विकेट दर्ज हैं। वह भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले पांच तेज गेंदबाजों की लिस्ट के बेहद करीब रहे। हालांकि, इस दौरान वह लगातार बंगाल के लिए रणजी में खेलते रहे। पिछले सीजन ही उन्होंने सात रणजी मैचों में 37 विकेट चटकाए थे। वह सीजन में दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज़ रहे थे। शमी ने अपने टेस्ट में पर्दापण की वर्षगांठ पर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, इस 13 साल के सफर में, इस कैप और इस गेंद ने मुझे मोहम्मद शमी बनाया है।

जोडार ने एटीपी फाइनल्स के लिए किया क्वालीफाई

पेरिस

ोलेक्स पेरिस मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज़ द्वारा टेलर फ़्रिट्ज़ को हराने के बाद, राफेल जोडार ने सीज़न के इस आखिरी टूर्नामेंट निट्टो एटीपी फाइनल्स (सीज़न फिनाले) के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब वे अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, अल्काराज़, बेन शेल्टन, दानिल मेदवेदेव, फ्लेवियो कोबोली, आर्थर फिल्स और फ्रांसिस टियाफो के साथ इस सूची में शामिल हो गए हैं। ज़्वेरेव (2018 और 2021) और मेदवेदेव (2020) - जो पहले एटीपी फाइनल्स सिंगल्स चैंपियन रह चुके हैं - साल के अंत में होने वाली इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट 15 से 22 नवंबर तक ट्यूरिन में आयोजित होगा। इस सीज़न फिनाले में चार खिलाड़ी ऐसे



हैं जो पहली बार इसमें हिस्सा ले रहे हैं- कोबोली, फिल्स, टियाफो और जोडार। एटीपी रैंकिंग में नए वर्ल्ड नंबर 1, ज़्वेरेव इस सूची में सबसे आगे हैं, जिन्होंने नौवीं बार इसके लिए क्वालीफाई किया है। एटीपी नंबर 1 क्लब के तीन सदस्य - ज़्वेरेव, अल्काराज़ और मेदवेदेव - इनल्पी एरिना में मुकाबला करेंगे। 2020 के बाद से एटीपी फाइनल्स के सभी चैंपियन अब इस च्नंबर 1 क्लबज्के सदस्य हैं।

जोडार 2024 नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में एक प्रैक्टिस पार्टनर थे, और फिर 2025 में इस इवेंट के लिए क्वालीफाई किया। वह ऐसे पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में खेलने के ठीक अगले साल ही निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया है। उनसे पहले उनके देश के ही अल्काराज ने 2021 और 2022 में ऐसा किया था। एक साल पहले, जोडार वर्जीनिया यूनिवर्सिटी में एक कॉलेज स्टूडेंट-एथलीट थे और एटीपी रैंकिंग में 166वें नंबर पर थे। अब वह एटीपी टूर के सीजन फिनाले में खेलने के लिए तैयार हैं। कोबोली सीजन फिनाले में अपने घरेलू मैदान पर खेलने वाले चौथे सक्रिय इतालवी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले माटेओ बेरेटिनी, जानिक सिनर और लोरेंजो मुसेटी भी ऐसा कर चुके हैं। यह लगातार चौथा साल है जब किसी इतालवी खिलाड़ी ने ट्यूरिन में सिंगल्स इवेंट के लिए क्वालीफाई किया है।

भारतीय स्कीट निशानेबाज हाथ रहे खाली

नई दिल्ली। आईएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में आज भारत के अनुभवी पुरुष और महिला स्कीट निशानेबाजों के लिए दिन निराशाजनक रहा। वे



व्यक्तिगत मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके और दोनों टीम इवेंट्स में भी पोडियम (टॉप 3) तक पहुंचने में नाकाम रहे। इन नतीजों के साथ ही, स्कीट के जरिए 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा हासिल करने की भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं। यह झटका ऐसे समय में लगा है, जब एक दिन पहले ही पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय ने सिल्वर मेडल जीतकर, एक मुश्किल दौर से गुजर रही भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया था। पुरुष टीम की कमान 51 वर्षीय ओलंपियन मेराज अहमद खान के हाथों में थी, जिन्हें इस खेल में तीन दशकों से भी ज्यादा का अनुभव है। उन्होंने 125 में से 118 अंक हासिल किए और 113 निशानेबाजों के बीच 46वें स्थान पर रहे। इस साल जापान में हुए एशियाई खेलों के मेडलिस्ट अनंतजीत सिंह नरुका और भवतेष सिंह गिल का प्रदर्शन बेहतर रहा; दोनों ने 119-119 अंक बनाए। वे क्रमशः 25वें और 24वें स्थान पर रहे। भारत का कुल स्कोर 356 रहा, जिससे पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला निशानेबाज भी व्यक्तिगत मेडल राउंड में जगह नहीं बना सकीं। गनेमत सेखों ने भारतीय चुनौती की अगुवाई की; उन्होंने 118 अंक बनाकर 13वां स्थान हासिल किया। वहीं, परिनाज़ धालीवाल 115 अंकों के साथ 23वें और राइज़ा ढिल्लों 114 अंकों के साथ 32वें स्थान पर रहीं।

पूर्व नपा अध्यक्ष मनु मिश्रा ने मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान, स्वयं थामी झाड़ू



दमोह (स्वतंत्र मत)। शहर में स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर पालिका दमोह के पूर्व अध्यक्ष मनु मिश्रा ने घंटाघर स्थित प्राचीन बूंदाबहू मंदिर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मंदिर परिसर एवं मंदिर के बाहर सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई थी। इसके कारण नगर के विभिन्न स्थानों पर कचरे के ढेर लग गए थे। धार्मिक स्थलों के आसपास भी गंदगी फैल गई थी जिससे श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका या सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हम सभी नागरिकों का सामूहिक दायित्व है। मंदिर और धार्मिक स्थल हमारी आस्था के केंद्र हैं, इनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। शहर हमारा हैए इसलिए इसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है।

प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास साफसफाई के लिए आगे आना चाहिए। मनु मिश्रा ने स्वयं झाड़ू लगाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और अपने शहर को साफ सुथरा बनाए रखने का संदेश दिया। उनका यह प्रयास सामाजिक सहभागिता और नागरिक जिम्मेदारी की प्रेरक मिसाल बना। सफाई अभियान में मनोज देवलिया और मित्र मंडल सदस्यों ने सहभागिता निभाई।



स्वास्थ्य सेवा और समाज कल्याण का संकल्पए 49वें समारोह में जुटे चिकित्सक

हटा (स्वतंत्र मत)। आयुर्वेद एवं चिकित्सा परंपरा के आराध्य देव भगवान धन्वंतरि की 49वीं जयंती के अवसर पर हटा में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सरोकारों के साथ समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉण् सीएल नेमा के भगवान धन्वंतरि इंटीग्रेटेड पॉलीक्लिनिक में आयोजित हुआ। समारोह में नगर के चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, केमिस्टों, लैब टेक्नीशियनों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य सेवा और समाज कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के विधिविधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। रघुनंदन पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कर समारोह को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संगीता त्रिवेदी एवं डॉ. संजय त्रिवेदी उपस्थित रहे। वहीं विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शिवचरण पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. उमाशंकर पटेल ने की। समारोह में विशेष संगीत प्रस्तुति डॉ. नीरज मिश्रा द्वारा दी गई ।

आज दीपावली पर होगी महालक्ष्मी की पूजा

व्यापारियों के प्रतिष्ठानों से लेकर किसानों के कृषि यंत्रों तक होगी आराधना

दमोह/हटा (स्वतंत्र मत)। पूरे देश की तरह दमोह एवं हटा में भी आज दीपोत्सव का पर्व दीपावली हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर नगर में कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक रोशनी एवं दीपों से सजाया गया है। दीपावली की शाम गोधूलि बेला में शुभ मुहूर्त में दीपों का पूजन होगा। व्यापारी वर्ग अपने प्रतिष्ठानों में विधिविधान से महालक्ष्मी की पूजा अर्चना करेगा। वहीं किसान अपने कृषि यंत्रों, हल-बखर और बैलों का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

दीपावली के उल्लास के बीच नगर में जुए के फड़ों पर हजारों से लेकर लाखों रुपये तक के दांव लगने की चर्चाएं भी तेज हैं। पिछले दिनों एक चर्चित जुए के अड्डे पर ठेकेदार और सत्तारूढ़ दल के एक नेता के बीच हुई गंभीर मारपीट की घटना के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि शायद अब जुए के अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा लेकिन दोनों पक्षों के बीच समझौते की चर्चाओं के बाद जुए के फड़ों के दोबारा सक्रिय होने की बातें सामने आ रही हैं। नगर में संचालित कथित जुए के फड़ों को लेकर राजनीतिक संरक्षण के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दीपावली के अवसर पर छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, कटनी और सागर सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में जुआरी हटा पहुंच सकते हैं। महंगे दोपहिया वाहनों से आने वाले इन लोगों द्वारा बड़ी नकदी के साथ जुए में लाखों रुपये के दांव लगाने की तैयारी की चर्चाएं हैं। ऐसे में पुलिस की निगरानी और कार्रवाई को लेकर भी लोगों की नजरें रहेंगी। एक ओर जहां घरों और प्रतिष्ठानों में दीप प्रज्वलित कर मां लक्ष्मी का पूजन होगाए वहीं दूसरी ओर जुए के फड़ों पर धन के दांव लगने की संभावनाएं नगर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। दीपावली के अगले दिन अनरव पर्व मनाया जाएगा। बुंदेलखंड की इस परंपरा में सामाजिक सरोकारों और आपसी संवेदनाओं को विशेष महत्व दिया जाता है। जिन परिवारों में वर्ष के दौरान किसी परिजन का निधन हुआ हैए उनके घर पहुंचकर लोग दुख में सहभागी बनेंगे ।

टाटा स्टील को दूसरी तिमाही में 3,700 करोड़ रुपये का मुनाफा

मुंबई। टाटा समूह की इस्पात कंपनी टाटा स्टील को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,700 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ हुआ है जो एक साल पहले की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने शनिवार को वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की। दूसरी तिमाही में उसका समेकित राजस्व 11.5 फीसदी बढ़कर 65,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसने 58,689 करोड़ रुपये का समेकित राजस्व कमाया था। कंपनी को समेकित परिणामों में ब्रिटेन और नीदरलैंड के आंकड़े तथा भारत में नीलाचल इस्पात निगम के आंकड़ें भी शामिल हैं। ब्रिटेन में नुकसान उठाने के कारण उसका समेकित लाभ प्रभावितत हुआ है। भारत में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 5,055 करोड़ रुपये और राजस्व 42,653 करोड़ रुपये रहा। इनमें सालाना आधार पर क्रमशः 19.9 फीसदी और 22.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। तिमाही के दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 9.6 प्रतिशत बढ़कर 61.8 लाख टन पर और समेकित आधार पर 4.4 प्रतिशत बढ़कर 80.7 लाख टन हो गया।

भारतीय स्टेट बैंक के विदेशी शाखा नेटवर्क में विस्तार

मुंबई। देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समूह ने अपने अंतरराष्ट्रीय शाखा नेटवर्क का विस्तार करते हुए अमेरिका में टेक्सास के नॉर्थ डलास में फ्रिस्को में खोली है। एसबीआई की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि बैंक के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने एसबीआईसी बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया। एसबीआईसी बैंक एसबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अमेरिकी बैंकिंग कंपनी है। विज्ञप्ति के अनुसार एसबीआईसी की अमेरिका में कार्यरत शाखाओं की संख्या सात से बढ़कर आठ हो गई है। कैलीफोर्निया प्रांत के बाहर यह

अमेरिका में टेक्सास के नॉर्थ डलास में फ्रिस्को में खोली नयी शाखा



पहली शाखा है। एसबीआईसी न्यूयॉर्क, शिकागो और लॉस एंजिल्स में अपनी तीन प्रत्यक्ष शाखाओं तथा वॉशिंगटन में एक प्रतिनिधि कार्यालय के माध्यम से भी सेवाएँ प्रदान करता है। डलास की नयी शाखा में व्यक्तिगत और व्यावसायिक बैंकिंग सेवाओं की व्यापक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। इनमें खुदरा जमा, वाणिज्यिक ऋण, भारत सहित दुनिया भर में धन प्रेषण तथा अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए विशेष बैंकिंग सेवाएँ शामिल होंगी। उद्घाटन समारोह में श्री सेट्टी ने कहा कैलिफोर्निया से बाहर हमारा विस्तार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके माध्यम से हम स्थानीय समुदायों, भारतीय प्रवासी समुदाय और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक ग्राहकों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस विस्तार से भारत और अमेरिका के बीच वित्तीय एवं आर्थिक संबंधों को और गहरा बनाने में हमारी भूमिका को बल मिलेगा। वर्तमान में बैंक की 29 देशों में कुल 245 विदेशी उपस्थिति इकाइयाँ हैं। इनमें शाखाएँ, उप-कार्यालय, प्रतिनिधि कार्यालय, विदेशी बैंकिंग सहायक कंपनियाँ तथा संयुक्त उद्यम एवं निवेश शामिल हैं। एसबीआई के वैश्विक नेटवर्क को 56 देशों के 222 बैंकों के साथ उसके कॉरेस्पॉन्डेंट बैंकिंग संबंधों से भी मजबूती मिलती है।



⏩ वेतन भुगतान में लापरवाही बरतने पर सीएमएचओ को थमाया नोटिस



कलेक्टर ने किया विक्टोरिया अस्पताल का निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने शनिवार को जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया अस्पताल) पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। आउटसोर्स कर्मचारियों को दो माह से वेतन भुगतान नहीं होने तथा भुगतान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर उपचार और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण उपचार और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

⏩ आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करना होगी पहली प्राथमिकता



सिहोरा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन हुआ संपन्न

सिहोरा (स्वतंत्र मत)। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 में 17.60 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक संतोष बरकड़े, आचार्य सिया वल्लभ दास महाराज (कटावधाम) द्वारा भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अधयक्षता नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे ने की। विधायक संतोष वरकड़े ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्डवासियों को सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं विभिन्न सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

51 हजार दीपों की रोशनी से जगमगाया मां नर्मदा का तट

मंत्री राकेश सिंह के आह्वान पर दीपोत्सव जबलपुर का भव्य आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आह्वान पर दीपावली की पूर्व संध्या पर आयोजित इस भव्य एवं दिव्य दीपोत्सव में गौरीघाट के सभी तट 51 हजार दीपों की रोशनी से जगमगा उठे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा यह दीपोत्सव सनातन की अभिव्यक्ति, मां नर्मदा की भक्ति और हमारी सामूहिकता की शक्ति के संगम के साथ हमारी राष्ट्रीयता का उद्घोष है क्योंकि भारत की राष्ट्रीयता हमारी परम्पराओं में है और दीपोत्सव और प्रकाशोत्सव हमारी परम्परा का अभिन्न हिस्सा है। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो।

सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु


मंत्री राकेश सिंह ने उन्होंने कहा मां नर्मदा की प्रेरणा और पूज्य संतों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से दीपोत्सव का यह आयोजन निरंतर भव्य स्वरूप ले रहा है। दीपावली की पूर्व संध्या पर मां के पावन तटों को हजारों दीपों से सजाने की यह परंपरा हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बन चुकी है। जब हजारों दीप एक साथ प्रज्वलित होते हैं तो उनका प्रकाश केवल तटों को ही रोशन नहीं करता, बल्कि हमारी परंपराओं, संस्कारों, आदर्शों और जीवन मूल्यों का भी स्मरण कराता है। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, संदीप जैन, रिंकू विज, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू, संदीप रजक आदि उपस्थित रहे।




क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय का हुआ लोकार्पण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मप्र सरकार को निरंतर एक के बाद एक उपलब्धियां प्राप्त हो रही हैं। किसी भी कार्यालय का अर्थ केवल भवन नहीं, बल्कि कार्यों का मंदिर होता है। यह सम्बोधन लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग के नवनिर्मित कार्यालय के लोकार्पण के अवसर पर कहीं। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज आदि उपस्थित रहे। श्री सिंह ने कहा कि यह अपनी तरह का पहला नवनिर्मित कार्यालय है। ऐसे में यहां से होने वाले कार्य निश्चित रूप से पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनेंगे। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों और प्राध्यापकों की सोच एवं भावनाएं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण से जुड़ी हैं। विद्यार्थी भविष्य में देश के महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचेंए इसी सोच के साथ सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।


















हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**

उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खिल उठी मुस्कान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय बाल गृह एवं शासकीय संप्रेषण गृह का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा दीपावली के अवसर पर तैयार की गई विभिन्न आकर्षक कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को उपहार एवं मिठाई वितरित कर त्योहार की खुशियां साझा कीं।